इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव


स्वस्तिक
स्पोर्टस, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैण्ड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटापट्टी के थोक व चिल्लर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-281191, 325125
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com

वर्ष- 45 अंक - 110 राजनांदगांव, सोमवार 09 मार्च 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम इंडिया

अहमदाबाद। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हरा दिया। भारतीय टीम दुनिया की ऐसी पहली टीम बन गई है जिसने तीन बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। साथ ही टीम इंडिया पहली टीम भी बन गई है जिसने खिताब डिफेंड करते हुए लगातार दो बार टी20 वर्ल्ड कप जीता है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था, जबकि 2026 में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने ट्रॉफी अपने नाम की। यहीं नहीं भारतीय टीम ने पहली बार टी20 वर्ल्डकप में कीवी टीम को मात दी है।

### सिर्फ टॉस ही जीत पाई न्यूजीलैंड

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 255 रन बनाए, जो टी20



फाइनल में 255 रन बनाकर न्यूजीलैंड को 96 रन से रौंदा

वर्ल्ड कप के इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवर में 159 रन पर ही ढेर हो गई। इस मुकाबले में टीम इंडिया के 5 खिलाड़ियों ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसके सामने विरोधी टीम की एक न चली। न्यूजीलैंड ने टॉस तो जीत लिया, लेकिन उसके बाद मैच में कुछ भी उनके पक्ष में नहीं गया। भारतीय ओपनर्स ने ऐतिहासिक शुरुआत की और वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी कर डाली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी 48 रन की थी। अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। वह 21 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ईशान किशन ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया। उन्होंने 25 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। संजू सैमसन ने 89 रन की शानदार पारी खेली और टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। इसके बाद अंत में शिवम दुबे ने 8 गेंदों में 26 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम को 250 के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से जेम्स नीशम ने 4 ओवर में 46 रन देकर 3 विकेट लिए। मिचेल सेंटनर ने 4 ओवर में 33 रन दिए और वह सबसे किफायती गेंदबाज रहे। वहीं लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 ओवर में 48 रन खर्च किए। 256 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाजों ने जल्दी विकेट गंवा दिए। टिम सीफर्ट ने अर्धशतकीय पारी जरूर खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास साथ नहीं मिला। अगले पांच बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सके। कप्तान मिचेल सेंटनर ने एक छोर पर टिककर

## आज से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण होगा शुरू

नई दिल्ली। सोमवार से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। इस चरण के भी काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है,जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है,क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख,भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई 'छूट'और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा दिया गया है। विपक्ष का आरोप है कि बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि उन्होंने सदन में कुछ ऐसी टिप्पणियां कीं जिनसे कांग्रेस के सदस्यों के खिलाफ गलत संदेश गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब के लिए सदन में न आने का अनुरोध किया गया।

हालांकि ओम बिरला ने नोटिस दिए जाने के बाद से ही सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था। लोकसभा सचिवालय ने उस समय कहा था कि इस प्रस्ताव के निपटारे के बाद ही वे सदन की कार्यवाही में वापस लौटेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सभी सांसदों को साथ लेकर काम किया है और संविधान तथा संसदीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पश्चिम एशिया संकट पर संसद में जानकारी देगी सरकार, लोकसभा में विदेश मंत्री जयशंकर देंगे बयान

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब नौवें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस संघर्ष का असर भारत की सियासत पर भी पड़ रहा है। विपक्ष लगातार इस युद्ध में भारत सरकार के रुख को लेकर सवाल पूछ रहा है। इसी बीच जानकारी यह सामने आ रही है कि सोमवार से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन भारत सरकार इस पूरे मामले में अपना रुख साफ करेगी। सूत्रों की माने तो लोकसभा में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा होने की संभावना है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान, राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाय टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।

### टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार

प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 238 बैलिस्टिक मिसाइल, 1,422 ड्रोन और 8क्रूज मिसाइल यूएई पर ईरान का सबसे बड़ा हमला, चार की दर्दनाक मौत कई घायल

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच हो रहा युद्ध अब और भी ज्यादा खतरनाक होता जा रहा है। साथ ही साथ पश्चिमी देशों के साथ ईरान का तनाव भी बढ़ रहा है। हाल ही में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात पर सबसे बड़ा हमला किया। कुछ दिन पहले ही ईरान ने कहा था कि वह पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा। लेकिन उसने यह भी चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका उसकी जमीन पर हमला करने के लिए किसी पड़ोसी देश का इस्तेमाल करेगा, तो वह उन देशों को भी निशाना बनाएगा। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान की यह कार्रवाई पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा सकती है।



### ईरान ने यूएई पर बरसाए बम

यूएई रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अब तक यूएई पर 238 बैलिस्टिक मिसाइल, 1,422 ड्रोन और 8 क्रूज मिसाइल बरसाए गए हैं। उनमें से 1,342 को रोक दिया गया, जबकि 80 ड्रोन देश के इलाके में गिरे। रविवार को देश ने 17 बैलिस्टिक मिसाइल और 117 ड्रोन का पता लगाया। इनमें से 16 मिसाइल और 113 ड्रोन को इंटरसेप्ट कर लिया गया, जबकि एक मिसाइल और चार ड्रोन समुद्र में गिर गए। आगे बताया गया कि हमलों में मारे गए चार लोग पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के नागरिक थे। अमीराती, मिस्र, सूडानी, इथियोपियाई, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, ईरानी, भारतीय, बांग्लादेशी, श्रीलंकाई, अजरबैजानी, यमनी, युगांडा, इरिट्रिया, लेबनानी, अफगान, बहरीन, कोमोरियन और तुर्की के 112 लोग मामूली या आंशिक रूप से घायल हुए। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि वह किसी भी खतरे से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर हैं और पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा को कमजोर करने वाली हर परेशानी का डटकर सामना करने के लिए तत्पर हैं ताकि उसकी संप्रभुता, सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान के तेल ठिकानों पर इजरायली बैलेस्टिक मिसाइलों ने ढाया कहर



नई दिल्ली। इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर रात के अंधेरे में बेहद भीषण बमबारी की है। आसमान से लगातार गिरते बमों और मिसाइलों ने शहर को मानो किसी खौफनाक फिल्म के सीन में बदल दिया है। बीती रात जो कुछ हुआ, उसने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। हर तरफ इमारतें मलबे में तब्दील नजर आ रही हैं और आसमान में सिर्फ आग और धुएं का गुबार है। आसान भाषा में समझें तो, इजरायल ने ईरान को ऐसा कड़ा और सीधा जवाब दिया है जिसकी कल्पना शायद ही किसी ने की थी। रात के वक्त जब आम लोग गहरी नींद में थे, तभी तेहरान में अचानक हवाई सायरन गूंजने लगे। इससे पहले कि कोई सुरक्षित जगह तलाश पाता, ताबड़तोड़ धमाकों ने पूरे शहर को दहला दिया। स्थानीय लोगों में भारी दहशत का माहौल है और लोग अपने परिवार को लेकर सुरक्षित ठिकानों की तरफ भागते नजर आ रहे हैं।

### रैस्क्यू टीमें लगातार मलबे में फंसे लोगों को निकाल रहीं

इस भयंकर हमले के बाद रैस्क्यू टीमें लगातार मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही हैं। अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है और घायलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अंतरराष्ट्रीय कानून लगभग खत्म: पश्चिम एशिया में संघर्ष पर रूस की दो टूक, वैश्विक सुरक्षा को खतरे में बताया

मॉस्को। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब नौवें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच अब रूस का भी बयान सामने आया है। बढ़ते संघर्ष और हमलों पर मॉस्को ने चिंता जताते हुए कहा कि इस संघर्ष के बाद ऐसा लग रहा है कि अंतरराष्ट्रीय कानून अब वास्तव में मौजूद नहीं है।



रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने क्षेत्र की बढ़ती अस्थिरता और वैश्विक सुरक्षा पर इसके गंभीर प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। पेस्कोव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून कानूनी तौर पर तो मौजूद है , लेकिन वास्तविकता में यह काम नहीं कर रहा। यह पूरी तरह से खतरे में है।

### किस कानून का पालन करें?- दिमित्री पेसकोव

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने आगे कहा कि हम किसी से नहीं कह सकते कि अंतराष्ट्रीय कानून का पालन करें, किस कानून का पालन करें? आज कोई भी इसे स्पष्ट रूप से नहीं बता सकता। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया की स्थिति काफी अस्थिर हो गई है और क्षेत्रीय संघर्षों और अनसुलझे मुद्दों का असर अब राजनीतिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर दिख रहा है।

### बुलाई पी-5 देशों की बैठक

इसके साथ ही अपने बयान में पेस्कोव ने रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के उस प्रस्ताव को दोहराने की जरूरत बताई, जिसमें उन्होंने कोविड-19 से पहले पी-5 देशों रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन के शिखर सम्मेलन की मांग की थी ताकि वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में हुए शामिल, कहा- पार्टी को मजबूत करूंगा

पटना। बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने आधिकारिक तौर पर जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी में शामिल होते ही उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और कहा कि वे अब सक्रिय सदस्य के रूप में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।



निशांत कुमार ने इस मौके पर अपने पिता नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता के इस निर्णय का सम्मान करते हैं और आगे बढ़कर पार्टी के कामों को जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। निशांत ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे नीतीश कुमार पर भरोसा बनाए रखें और उनका मनोबल मजबूत रखें। इस बीच निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में उन्हें पार्टी के भीतर कोई अहम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे: अमेरिका को ईरान की दो टूक; पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्टेट टीवी के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है।



पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। हालांकि, हमें हमलों का जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा किसी (पड़ोसी) देश के साथ कोई विवाद है या हम उनके लोगों को नाराज करना चाहते हैं।

### अमेरिका को दो टूक जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं।इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला

प्रयागराज। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों के यौन उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ है। यह घटना उस समय हुई जब वे रीवा एक्सप्रेस ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच में गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहे थे। हमले में उनके चेहरे और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं और हमलावर ने उनकी नाक काटने की कोशिश की।


अघोरी ने ली हमले की जिम्मेदारी

### सिराथू स्टेशन के पास शौचालय जाते समय हुआ हमला

आशुतोष महाराज के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे जब ट्रेन सिराथू रेलवे स्टेशन के पास थी, वे शौचालय के लिए उठे थे। गेट पर एक बॉडी-बिल्डर जैसा दिखने वाला व्यक्ति खड़ा था, जिसे उन्होंने साधारण यात्री समझा। जैसे ही वे आगे बढ़े, उस व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके चेहरे पर हमला कर दिया। बचाव के लिए उन्होंने अपना चेहरा नीचे किया और खड़ाऊं से मारा, और किसी तरह जान बचाकर शौचालय के अंदर खुद को बंद कर लिया।

### हमलावर ने दी धमकी: नाक काटकर गुरु के चरणों में चढ़ाना है

आशुतोष महाराज ने दावा किया कि हमलावर ने हमला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## खामेनेई का उत्तराधिकारी तय! इजरायल ने दी चेतावनी-चयन में शामिल हर शख्स हमारा टारगेट होगा

नई दिल्ली। ईरान पर इजरायल और अमेरिकी हमलों के बीच ऐसी खबर आ रही है कि ईरान ने अपने सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया केवल घोषणा बाकी रह गई है। इस बीच इज़राइल डिफेंस फोर्सेज़ ने कड़ी चेतावनी दी है कि वे ईरान के अगले सुप्रीम लीडर के किसी भी संभावित उत्तराधिकारी को टारगेट करना जारी रखेगी। द जेरूसलम पोस्ट ने फ़ारसी में लिखे इज़राइली मिलिट्री के एक सोशल मीडिया पोस्ट का ज़िक्र करते हुए कहा, हम आपको बताना चाहते हैं कि इज़रायल सरकार हर उत्तराधिकारी और हर उस इंसान का पीछा करती रहेगी जो उत्तराधिकारी नियुक्त करना चाहता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि ईरान के सप्रीम लीडर के चयन में उसकी भी सहमति लेनी होगी। अमेरिका किसी भी ऐसे शासन या नेतृत्व का समर्थन नहीं करेगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देता हो। तेहरान स्थित मेहर न्यू एजेंसी की खबर के मुताबिक ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने देश के नए सुप्रीम नेता के नाम पर बहुमत के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## 4 साल से 5 एकड़ में अफीम की खेती: दुर्ग फार्महाउस में तैनात रहते थे बाउंसर्स; भाजपा नेता ने डिजिटल सर्वे में गेहूं-मक्का दिखाया

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पुलिस ने अफीम की खेती करते हुए भाजपा नेता विनायक ताम्रकर (पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष दुर्ग) सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्राम समोदा और झेनझरी के बीच स्थित फार्महाउस से करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधे जब्त किए गए हैं। खेत से करीब 14 लाख 30 हजार पौधे बरामद किए गए हैं।

जब्त पौधे की कीमत करीब 7.88 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस भू-स्वामी मुधमति बाला और प्रीति बाला से भी पूछताछ करेगी। जांच में सामने आया है कि राजस्थान के मजदूर ही काम संभाल रहे थे। इसके अलावा आरोपियों ने सुरक्षा के लिए बाउंसर भी तैनात किए गए थे। चारों ओर गेट लगाए गए थे, जिससे आम लोगों का अंदर जाना लगभग असंभव था। डिजिटल सर्वे में फार्महाउस में गेहूं और मक्का की खेती दिखाई गई थी। उसी की आड़ में अफीम उगाई जा रही थी। मामला


विनायक ताम्रकर सहित तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। शनिवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, उसके सहयोगी विकास बिश्नोई और फार्महाउस के मुंशी मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी आंचला राम और श्रवण बिश्नोई फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीम राजस्थान भेजी गई है। अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच चल रही है। शनिवार शाम आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस के जवान खेत पहुंचे। वहां लगे अफीम के पौधों को उखाड़कर जब्त किया गया। जांच में करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में अफीम की खेती मिली। अब जब्त पौधों को नष्ट करने की तैयारी की जा रही है।

### 2 महिलाओं के नाम पर खेत, दोनों से होगी पूछताछ

कलेक्टर ने बताया कि जमीन का रिकॉर्ड मुधमति बाला और प्रीति बाला के नाम दर्ज है। मामले में दोनों महिलाओं की भूमिका की भी जांच होगी। पुलिस उनसे पूछताछ करेगी। संलिप्तता मिलने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है।

### राजस्थान के मजदूर कर रहे थे खेती का काम

शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी पिछले कुछ सालों से अफीम की खेती कर रहा था। इसके लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### आइज़ा फातिमा ने रखा अपना पहला रोज़ा



राजनांदगांव (दावा)। नंदई चौक में निवासरत जमील रिजवी की पोती नन्ही बच्ची आइज़ा फातिमा ने पवित्र रमज़ान महीने में अपना पहला रोज़ा रखकर परिवार और मोहल्ले का दिल जीत लिया। कम उम्र में रोज़ा रखने की इस खुशी को परिवार और रिश्तेदारों ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। आइज़ा फातिमा ने पूरे दिन धैर्य और श्रद्धा के साथ रोज़ा रखा और शाम को इफ्तार के समय परिवार के साथ दुआ की। इस खास मौके पर घर में खुशी का माहौल रहा और सभी ने उसे ढेर सारी दुआएं और आशीर्वाद दिए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि आइज़ा फातिमा बचपन से ही धार्मिक परंपराओं में रुचि रखती है और इस बार उसने पूरे उत्साह के साथ अपना पहला रोज़ा रखा। परिवार को उसकी इस कोशिश पर गर्व है और सभी ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए दुआ की। मोहल्ले के लोगों ने भी आइज़ा फातिमा को बधाई दी और उसकी लगन की सराहना की। रमज़ान के इस पवित्र महीने में बच्चों का रोज़ा रखना सभी के लिए खुशी और प्रेरणा का विषय होता है।

### युगांतर के श्रीधर-पुलकित सीए बने




राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र श्रीधर माहेश्वरी और पुलकित जैन ने सीए एक्जाम में शानदार सफलता अर्जित की है। ये दोनों छात्र सीबीएसई बारहवी बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ साथ इस एक्जाम में भी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन उभरते विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उनकी यह उपलब्धि कई वर्षों के अनुशासन, धैर्य और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि इन दोनों विद्यार्थियों ने न केवल लेखांकन सिद्धांतों की गहरी समझ का प्रदर्शन किया। बल्कि उल्लेखनीय समस्या-समाधान कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का भी प्रदर्शन करते हुए यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इन विद्यार्थियों ने तरूण कुमार महापात्रा, दीप्ति बिंदल, भावा रमेश, कंचन सोहल के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और प्रबंध समिति ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### महिला दिवस पर स्वच्छता दीदीयों का किया गया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू, व्याख्याता श्रीमती रेशमी साहू पति पत्नी ने अपने निवास रिद्धि-सिद्धि फेस 2 कॉलोनी राजनांदगांव में स्वच्छता दीदीयों का शाल, श्रीफल, पानी बोतल से सम्मानित किया। सर्वप्रथम स्वच्छता दीदीयों का गुलाल टीका लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। व्याख्याता दंपति एक नवाचारी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। दोनों शिक्षक दंपति स्वच्छता कार्य में, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, साक्षरता अभियान में विशेष प्रमुखता से कार्य करते हैं । हमेशा अपने दायित्वों को जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करते हैं। उन्होंने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प अभियान 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत'। इस स्वच्छता कार्य में विशेष योगदान देने वाली स्वच्छता दीदीयों का आज अपने कॉलोनी में उन्हें सम्मानित किया। इस हेतु स्वच्छता दीदीयों ने शिक्षक दंपति के इस नेक कार्य को देखते हुए भूरी भूरी प्रशंसा किए एवं शुभकामनाएं दिए।

### 108 आपातकालीन सेवा अंतर्गत पैरामेडिकल स्टॉफ का प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। जिले में 102 एवं 108 के तहत पैरामेडिकल स्टॉफ एवं ईएमटी को जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने प्रशिक्षण के तहत लाईफ सपोर्ट, रोड ट्रैफिक एक्सिडेंट, ट्रामा एवं एम्बुलेंस में डिलीवरी सहित अन्य मेडिकल इमरजेंसी के संबंध में जानकारी दी गई।

# शहर के विकास को मिलेगी नई रफ्तार : महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन कार्यों का साझा निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। शहर के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के प्रमुख जलाशयों बूढ़ासागर और रानीसागर का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध बजट प्रावधान के अनुरूप इनके सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक जलाशयों के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।



बूढ़ासागर और रानीसागर का होगा कायाकल्प, गौरव पथ पर जल्द आकार लेगा अत्याधुनिक नालंदा परिसर

महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने गौरव पथ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित 2000 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए कुंज विहार कॉलोनी स्थित कृष्ण कुंज के पास प्रस्तावित स्थल का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य योजना तैयार कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि शहर को एक आधुनिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त मंच मिल सके। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों और टर्फ की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन, बालिकाओं से लेकर महिलाओं ने दिखाया उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने तथा उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कमला कॉलेज मैदान में एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में माय भारत और साई सेंटर राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 13 वर्ष की बालिकाओं से लेकर 45 वर्ष तक की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है। इसकी शुरुआत 1900 के दशक में तब हुई थी, जब महिलाओं ने बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और मतदान के अधिकार के लिए आवाज उठाई थी। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रस्साकशी, चम्मच दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में बालिका हॉकी खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

## शराब के लिए पैसे न देने पर जानलेवा हमला, दो महिला आरोपी गिरफ्तार, भेजी गई जेल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल पोस्ट ऑफिस चौक स्थित फ्लाईओवर के नीचे शराब पीने के लिए पैसे न देने पर जानलेवा हमला करने वाली दो महिला आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई आरोपियों को शनिवार को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें महिला जेल दुर्ग भेज दिया गया।



मामले का एक अन्य मुख्य आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के अनुसार, प्रार्थी संजय मंडावी (30 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की रात करीब 12 बजे आरोपी आनंद बिहारी, सिमरन खान और विशाखा गोंड ने उनसे शराब के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे व फाइबर बेंत से प्रार्थी व उसके परिजनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में घायल परिजनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराया गया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फिरोजा उर्फ सिमरन (26 वर्ष) और विशाखा ठाकुर (21 वर्ष) को डोंगरगढ़ में घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा और फाइबर बेंत भी बरामद कर लिया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मुख्य आरोपी फिरोजा उर्फ सिमरन खान आदतन आपराधिक प्रवृत्ति की महिला है। उसके खिलाफ पूर्व में भी मारपीट और बीएनएस एक्ट (नशीले पदार्थ) जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपी आनंद बिहारी की तलाश जारी है और उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शांतिपूर्ण होली पर पुलिस की मुस्तैदी को सलाम : विहिप ने कर्तव्यनिष्ठ जवानों और अधिकारियों का जताया आभार



राजनांदगांव(दावा)। इस साल संस्कारधानी राजनांदगांव में हिन्दू समाज ने होली पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया। पूरे पर्व में किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली और माहौल प्रेम और शांति से भरा रहा। विश्व हिन्दू परिषद् के विधि प्रकोष्ठ प्रांत प्रमुख अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि, इसका सबसे बड़ा श्रेय जिला पुलिस प्रशासन को जाता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पर्व से पहले ही पूरी तैयारी कर ली थी। प्रशासन ने संभावित अपराधिक तत्वों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा। सभी थानों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। नगर के गणमान्य लोगों से व्यक्तिगत संवाद किए गए। लगभग 700 से अधिक जवानों को गांव, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया। वरिष्ठ अधिकारी खुद पेट्रोलिंग करते हुए निरंतर स्थिति की जानकारी लेते रहे। अरुण गुप्ता ने कहा कि, पुलिस प्रशासन ने कानूनी और प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए योजना बद्ध और सतत प्रयास किया। तीन से चार दिन लगातार दिन-रात मेहनत करने वाले कर्तव्यनिष्ठ जवानों की सराहना की जानी चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद् के विधि प्रकोष्ठ की ओर से उन्होंने जिला पुलिस कप्तान, वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जवानों को कोटी-कोटी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सिंघोला में पंथ श्री हुजूर उदितमुनिनाम साहब सोलहवे वंशप्रतापाचार्य का आगमन 10 एवं 11 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। पंथ श्री हुजूर उदितमुनिनाम साहब, सोलहवें वंशप्रतापाचार्य, कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा (जिला बलौदा बाजार) के पावन आगमन के अवसर पर ग्राम सिंघोला में दो दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 10 एवं 11 मार्च को धर्म नगरी माँ भानेश्वरी देवी धाम स्थित मिनी स्टेडियम सिंघोला जिला राजनांदगांव में आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं और समाज के लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा में सहभागी बनने की अपील की गई है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में सहयोग के रूप में आमीन माता महिला मंडल सिंघोला की विशेष भूमिका रहेगी। रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए छनेन्द्र साहू (शिक्षक), भीखम साहू एवं मदन साहू (एलआईसी प्रॉपर्टी सलाहकार) द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए सभी समाजजनों से इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने की अपील की गई है।

## अमित जोगी का चटपटा अंदाज, राजनांदगांव में कार्यकर्ताओं संग चखी जलाराम की दही कचौड़ी



राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी रविवार को संस्कारधानी राजनांदगांव के प्रवास पर रहे। इस दौरान राजनीति की गहमागहमी से इतर उनका एक अलग और सहज अंदाज देखने को मिला। श्री जोगी कमला कॉलेज के समीप स्थित प्रसिद्ध जलाराम के केंद्र पर पहुंचे और वहां की मशहूर दही कचौड़ी का लुत्फ उठाया। अमित जोगी के राजनांदगांव आगमन पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जलाराम कचौड़ी केंद्र पर उनके साथ अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम और जोगी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जलपान के साथ ही जोगी ने अनौपचारिक माहौल में कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की।

इस दौरान जोगी ने कार्यकर्ताओं के मुद्दों को सुना और आगामी रणनीतियों पर सुझाव लिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस तरह के अनौपचारिक कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाना है। इस अवसर पर जोगी कांग्रेस के युवा शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, मुकेश साहू, और उदित हरिहरनो सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं में अपने नेता को अपने बीच पाकर खासा उत्साह देखा गया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202602095300004
ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजन कुमार कोसरे पिता रामलाल कोसरे जाति सतनामी निवासी ग्राम ढारा, तहसील डोंगरगढ़ द्वारा अपनी पत्नि चन्द्रिका बाई कोसरे पति राजन कुमार कोसरे की मृत्यु दिनांक 04/08/2019 को ग्राम ढारा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में होने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण अपनी पत्नि चन्द्रिका बाई कोसरे पति राजन कुमार कोसरे की मृत्यु दिनांक 04/08/2019 को दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 12/03/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

तहसीलदार डोंगरगढ़

## व्यापारिक क्रांति की दस्तक : एबिस ग्रीन में उमड़े 200 उद्यमी, सीखे एमएसएमई के गुर

राजनांदगांव (दावा)। एमएसएमई विकास संस्थान रायपुर द्वारा कैट राजनांदगांव के सहयोग से प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 06 मार्च को शाम 6 बजे एबिस ग्रीन, राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 200 व्यापारियों और उद्यमियों ने भाग लेकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत एमएसएमई असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश कुमार ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मंच पर आमंत्रित किया। इस अवसर पर एमएसएमई डायरेक्टर लोकेश परघनिया, जॉइंट डायरेक्टर कोलकाता बिधान दास, सीनियर मैनेजर कौशिक मित्रा, असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश कुमार, अभिजीत रथ, अंकुर मोंडल, श्रीमती अनुदा शुक्ला, समीरन मित्रा, मोहम्मद अली हिरानी जिला प्रभारी, कैट अध्यक्ष राजेश कुमार डागा (राजू), राजेश जैन सी ए, भावेश अग्रवाल और संजय तेजवानी मंचासीन रहे।

### क्लस्टर योजना में 90 प्रतिशत तक सब्सिडी

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुए कैट के प्रदेश एमएसएमई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने कहा कि, एमएसएमई विभाग के माध्यम से व्यापारियों और उद्यमियों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि क्लस्टर योजना के अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित करने के लिए लगभग 70 प्रतिशत तक सेंट्रल गवर्नमेंट सब्सिडी प्रदान की जाती है, और 10 से 20 प्रतिशत तक राज्य शासन से मिलता है ।

उन्होंने कहा कि एक ही प्रकार के व्यापार से जुड़े लोग मिलकर कंपनी बनाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। साथ ही यदि कोई उद्यमी अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए देश या विदेश में आयोजित व्यापार मेलों में स्टॉल लगाता है, तो उसके खर्च की भी प्रतिपूर्ति की जा सकती है।

### विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

इसके बाद एमएसएमई डायरेक्टर लोकेश परघनिया ने विभाग की




क्लस्टर योजना में 90 प्रतिशत तक सब्सिडी की जानकारी, शहर में MSME प्रशिक्षण केंद्र खोलने की उठी मांग

विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी। तत्पश्चात विभिन्न विषयों पर आए विशेषज्ञों ने प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया। मुख्य विषय जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) शासन के सभी विभागों द्वारा की जाने वाली खरीदारी जीईएम पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इसकी विस्तृत जानकारी बिजनेस फैसिलिटेटर श्रीमती अनुदा शुक्ला ने दी। फ्रेश और प्रोसेस्ड फूड्स के लिए पैकेजिंग और लेबलिंग की जानकारी एमएसएमई कोलकाता के जॉइंट डायरेक्टर बिधान दास ने दी। उन्होंने चार पी-प्रोडक्ट, प्लेस, प्राईज और प्रमोशन की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की सही पैकेजिंग संबंधी मार्गदर्शन देता है।

इस योजना की जानकारी सीनियर मैनेजर कौशिक मित्रा ने दी। उन्होंने बताया कि, यह योजना मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अंतर्गत आती है और निर्यातकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। एफआईईओ (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाईजेशन्स): इस संस्था के माध्यम से निर्यात से जुड़े व्यापारियों को मार्गदर्शन और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स): डिजिटल कॉमर्स के इस नए प्लेटफॉर्म की जानकारी अभिजीत रथ ने दी और बताया कि इससे छोटे व्यापारी भी ऑनलाइन बाजार से जुड़ सकते हैं। पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी-सरकारी खरीद प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश कुमार ने दी। स्टार्ट-अप योजना-नई उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए संचालित स्टार्ट-अप योजनाओं की जानकारी समीरन मित्रा ने दी।

### आसपास के जिलों से भी पहुंचे व्यापारी

कार्यक्रम में बालोद जिला, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, महाराजपुर, छुरिया, चौकी और बांधा सहित विभिन्न क्षेत्रों से व्यापारी शामिल हुए। इसमें पोहा मिल, राइस मिल संचालक, ठेकेदार, महिला कारोबारी, सीए, वकील तथा जिला उद्योग केंद्र से जुड़े प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पहले ऐसे सेमिनार के लिए जाना पड़ता था दिल्ली

कार्यक्रम में शामिल अमित अग्रवाल, आकाश गुप्ता, अशोक पांडे सहित कई व्यापारियों ने बताया कि पहले इस प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें दिल्ली जैसे बड़े शहरों में आयोजित सेमिनारों में जाना पड़ता था, लेकिन अब राजनांदगांव में ही इस प्रकार का आयोजन होने से स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को काफी लाभ मिलेगा। इसके लिए उन्होंने जिला कैट संगठन का आभार भी व्यक्त किया।

### राजनांदगांव में एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता

जिला कैट के संजय लड्ढा, सागर चितलांगिया, राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम में यह मांग भी सामने लाया कि, राजनांदगांव में एमएसएमई विभाग का स्थायी प्रशिक्षण केंद्र और कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए लगातार मार्गदर्शन मिल सके। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की तरफ से लक्ष्मण लोहिया ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों और उपस्थित व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि, ऐसे कार्यक्रमों से व्यापारियों और उद्यमियों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिलती है, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी बढ़ते हैं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।






अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ने का दिया गया संदेश

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांधी सभागृह राजनांदगांव में महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि महिलाएं अब केवल पुरूषों के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे भी आगे बढने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वभाव से बहुत धैर्यवान होती हैं और परिवार को संभालते हुए सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की मजबूती में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार और विभिन्न क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने योजना की राशि प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मुख्य थीम एचीव द एम है। उन्होंने यदि हम अपने कौशल, ज्ञान और समय को साझा कर महिलाओं को सहयोग दें, तो इससे पूरे समाज और मानवता को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को निखारने, उन्हें आगे बढ़ने और देश-प्रदेश के नेतृत्व के लिए प्रेरित करना भी ज्ञान के दान का एक रूप है। उन्होंने कहा कि पहले भारत को पुरूष प्रधान समाज के रूप में देखा जाता था। जहां महिलाओं को कई बार उपेक्षित माना जाता था। लेकिन वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाएं केवल घर और रसोई तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि विभिन्न कार्यालयों और नेतृत्व के पदों पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही परिवार के पोषण और बच्चों के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। शासन द्वारा कुपोषण को समाप्त करने और बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।




### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रही आर्थिक मजबूती

उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने का उद्देश्य उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण अभियान शुरू किए थे और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है और भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा में कमी आई है।

सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत कितनी राशि मिलती है, तो उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक बताया कि उन्हें हर महीने एक हजार रूपए प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पास तीन चीजें नहीं होनी चाहिए अशिक्षा, अस्वच्छता और कुपोषित बच्चा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षा का महत्व समझना जरूरी है। महिलाओं को स्वयं जितना भी पढ़ा-लिखा हो, उसका अभ्यास करते रहना चाहिए और अपने बेटा-बेटी दोनों को समान रूप से शिक्षा दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल कई क्षेत्रों में लड़कियां टॉपर बन रही हैं, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर देना जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि शौचालय और साफ-सफाई महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। आंगनबाड़ी, पालक चौपाल और समूह बैठकों के माध्यम से महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार में कुपोषित बच्चा नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि माताओं की जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए तिरंगा भोजन की अवधारणा को अपनाने की सलाह दी गई। जिसमें थाली में तीन रंगों के पोषक आहार शामिल किए जाते हैं, ताकि बच्चों को संतुलित पोषण मिल सके। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि का उपयोग महिलाओं को सोच-समझकर करना चाहिए। यह राशि केवल खर्च करने के लिए नहीं, बल्कि परिवार के विकास के लिए एक छोटी पूंजी है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस राशि का उपयोग शिक्षा, स्वच्छता और पोषण जैसी आवश्यकताओं में करें, जिससे परिवार, गांव और पूरे समाज का विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम को अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला सिन्हा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती अनिता सिन्हा, पार्षद शिव वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, जनपद पंचायत सदस्य सांकेत साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं उपस्थित थी।

# विद्यालय परिवार तिलईरवार में होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में रंगों का त्योहार होली बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने बताया कि होली आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण पर्व है। यह रंगों का उत्सव समाज को एकजुट करने का संदेश देता है। संस्था के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू जो की एक साहित्यकार और कवि भी हैं। उन्होंने अपनी रचना होली आई रे स्वरचित कविता के माध्यम से होली उत्सव में एक माहौल बना दिया और सभी स्टॉफ सदस्य रंगों में रंगकर, थिरकने को मजबूर हो गए। इसी कड़ी में रंगों का त्योहार होली पर अपनी अपनी विचार रखते हुए असीम कुमार यदु, जानकी वल्लभ तंबोली, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, हरिश्चंद्र यादव आदि ने उद्बोधन दिए। अंत में सभी ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर, गले मिलकर होली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया।

# गायत्री शक्तिपीठ परिसर में हुआ वैदिक होलिका दहन, सपरिवार सम्मिलित होकर कलेक्टर जितेंद्र यादव

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री शक्तिपीठ परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलेक्टर जितेंद्र यादव अपने परिवार सहित विशेष रूप से शामिल हुए। उनकी उपस्थिति में पुरोहितों द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि- विधान के साथ होलिका दहन उत्सव मनाया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव अपने साथ नवान्न फसल गेहूं के बाली साथ लेकर आए हुए थे। जिसे होली की आग में भूनकर प्रसादी स्वरुप ग्रहण किया गया। इसे होला कहा जाता है। इस अवसर पर उपस्थित गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने कलेक्टर दंपत्ति का आत्मीय स्वागत मंत्र लिखित पीत दुशाला ओढ़ाकर किया गया और उन्हें परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित सद साहित्य युग ऋषि साहित्य भेंट की।

बता दें कि कलेक्टर महोदय होलिका दहन के दिन किसी विशेष स्थान में आयोजित होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने की रुचि दिखाई थी। दैनिक दावा में गायत्री शक्तिपीठ में प्रकाशित होलिका दहन के समाचार पढ़कर कलेक्टर महोदय सपरिवार देर शाम को गायत्री शक्तिपीठ पहुंच कर होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया।



### कलेक्टर दंपत्ति का मंत्र दुशाला ओढ़ाकर व सद साहित्य देकर किया गया सम्मान

### आद्य शक्ति मां गायत्री का दर्शन लाभ

गायत्री शक्तिपीठ में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए होलिका दहन कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर जितेन्द्र यादव व उनकी धर्मपत्नी एवं परिवार द्वारा गायत्री मंदिर के गर्भगृह में आद्य शक्ति माँ गायत्री के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद ग्रहण किया और धन्यता महसूस करते हुए नए कलेवर में भव्य रुप से निर्माण हो रहे गायत्री शक्तिपीठ की भव्यता व दिव्यता की सराहना की।

इस अवसर पर शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री चितलांग्या सहित जुगल किशोर लड्ढा, हरिश गांधी, पुरोहित सुखनंदन आदि सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिवार के परिजनों को ठंडाई एवं विशेष प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में सुडोकू गतिविधि का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सह पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय में सुडोकू गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तार्किक क्षमता और एकाग्रता का प्रदर्शन किया। सुडोकू बौद्धिक खेल से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, एकाग्रता एवं समस्या का समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक होता है। साथ ही यह उनके स्मरण शक्ति, धैर्य एवं मानसिक एकाग्रता को भी बढ़ाता है तथा मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न स्तरों के सुडोकू पहेलियों को हल किया और पूरे उत्साह के साथ इसमें सहभागिता निभाई। इस प्रकार की गतिविधियां में विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ सीखने की प्रक्रिया को भी रोचक बनाती है। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव इस वर्ष अपने प्रथम सत्र में संचालित हो रहा है। विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 9वीं के कुल 112 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

# साहू समाज कन्हारपुरी महिला प्रकोष्ठ का होली मिलन एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साहू समाज कन्हारपुरी महिला प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 5 मार्च को होली मिलन समारोह के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं का आनंद लिया।

### महिलाओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर कुर्सी दौड़, बलून दौड़ तथा एक माचिस की तीली से अधिक से अधिक मोमबत्ती जलाने जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को समाज की महिला पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिमा साहू (वरिष्ठ समाजसेवी), जमुना देवी साहू (जिला साहू संघ संगठन सचिव), अनीता साहू (महिला उपाध्यक्ष, नगर साहू संघ) तथा मंजू रानी साहू (नगर महिला प्रकोष्ठ सदस्य) उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को समाज में सक्रिय भागीदारी, एकता और सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया तथा इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन कन्हारपुरी महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी द्वारा किया गया। इसमें अध्यक्ष एवं साहू नगर महिला संगठन सचिव रेवती साहू, उपाध्यक्ष कमलेश्वरी साहू, सचिव निर्मला साहू, उपसचिव पिंकी साहू तथा संरक्षक केसरी साहू, अर्चना साहू, प्रतिभा साहू, चमेली साहू, संगीता साहू मैडम, सुनीता साहू, पूजा साहू, भोमिन साहू, कौशल्या साहू सहित समाज की अन्य महिलाओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज की महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और महिला दिवस के इस आयोजन को उत्साह, सौहार्द्र और आनंद के साथ सफल बनाया।

# मैथिल क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह




राजनांदगांव (दावा)। बुरा न मानो होली है के उल्लास और आपसी भाईचारे के प्रतीक रंगों के त्योहार को लेकर मैथिल क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन 8 मार्च दिन रविवार को चिखली स्थित समाजिक भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। समारोह की शुरुआत समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में पारंपरिक फाग की धुनों पर युवा और बुजुर्ग सहित महिला संगठन सभी थिरकते नजर आए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और आपसी संबंधों को और मजबूत करना था। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष राजेश तोमर ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर के द्वेष को मिटाकर प्रेम भाव जागृत करने का अवसर है। उन्होंने समाज की एकजुटता और विकास के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से राकेश ठाकुर, संजय, शैलेश तोमर,यशवंत सेंगर, सुरेश देवराज, रमेश नागवंशी, दुर्गेश तोमर, राजू नागवंशी, चंद्रकांत कौमार्य, भार्गव गर्ग, सावित्री कौमार्य, पूनम ठाकुर, अंजली, नंदनी सेंगर, उर्वशी, पूजा तोमर, सोनी देवराज, चांदनी गर्ग, सहित समाज के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी राजनांदगांव मैथिल क्षत्रिय संगठन के मीडिया प्रभारी सुरेश देवराज ने दी।

# वैष्णव समाज ने गुलाल उड़ाकर मनाया होली मिलन, संगीता वैष्णव बनीं जिला महिला संगठन की अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। वैष्णव बैरागी समाज द्वारा रविवार को बल्देव बाग स्थित वैष्णव जिला भवन एवं राजवंश स्मारक स्थल में होली मिलन समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री हरि विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात समाज जनों ने महंत राजा बलराम दास जी एवं अन्य पूर्वजों के स्मारक पर माल्यार्पण कर गुलाल अर्पित किया। जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, सचिव संदीप वैष्णव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज के उत्थान और युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया।

### महिला संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित

समारोह के दौरान श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के जिला महिला संगठन का विधिवत गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जो इस प्रकार है। अध्यक्ष श्रीमती संगीता वैष्णव, उपाध्यक्ष सीमा वैष्णव एवं सुशीला वैष्णव, सचिव ममता वैष्णव, कोषाध्यक्ष रमा वैष्णव, संयोजक किरण वैष्णव, संरक्षक शारदा वैष्णव आदि है। जिला सचिव संदीप वैष्णव एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने जानकारी दी कि आगामी 15 मार्च (रविवार) को डोंगरगांव में प्रदेश स्तरीय होली मिलन कार्यक्रम एवं प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य भर से समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

कार्यक्रम में चंद्रशेखर वैष्णव, शिव, दुष्यंत दास, कृष्णकुमार, अनूप दास, बालकृष्ण, सुरेंद्र, इंद्रकुमार, महेंद्र, रविन्द्र, देवकुमार निर्वाणी, सुरेंद्र बैरागी, कमल वैष्णव, अर्चना वैष्णव, जितेंद्र, राकेश, राजू, कमलेश, आकाश दास, विश्वास बैरागी, जीतू, प्रशांत, जागेश्वर दास, मेघदास, तजेंद्र, श्रीकांत, युवराज, मनीष, दिलीप, लव दास, विजय दास, दीपक, लक्ष्मी, वैभव निर्वाणी, शौर्य, विवेक, मुकुंद, श्रद्धा, भारती, विनीता, रेणु वैष्णव सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# संभागीय कार्यशाला में भाजपा के वक्ता प्रशिक्षित



राजनांदगांव(दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की संभागीय कार्यशाला शनिवार को राजनांदगांव में आयोजित हुई। राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम ठेकवा स्थित सचिता लॉन में आयोजित इस कार्यशाला में दुर्ग संभाग के 8 जिले के लगभग डेढ़ सौ अपेक्षित पदाधिकारी शामिल हुए। चार सत्र में आयोजित इस कार्यशाला में संगठन, सरकार और चुनावी रणनीति पर मंथन करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विकास, विचारधारा, नमो एप, सोशल मीडिया और एआई आधारित सरल एप के जरिये कार्यकर्ता तंत्र को तकनीकी रूप से सशक्त कर राष्ट्र के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने की व्यापक रणनीति तैयार की गई। प्रथम यानी उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सत्र अध्यक्ष यशवंत जैन जी ने कहा कि प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है, जिससे कार्यकर्ताओं का बौद्धिक और वैचारिक विकास होता है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ अवधेश जैन प्रदेश संयोजक प्रशिक्षण विभाग भाजपा ने की। श्री जैन ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यशाला के दूसरे चरण में प्रेम प्रकाश पांडे ने वैचारिक अधिष्ठान, संदीप शर्मा अध्यक्ष खाद्य आयोग ने इतिहास एवं विकास, जगन्नाथ पाणिग्रही प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर प्रशिक्षण दिया। इसी तरह नवाचार के विषय सोशल मीडिया, एआई विषय पर सोमेश पांडे पूर्व प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया ने वक्ताओं को प्रशिक्षित किया। इसके अलावा प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय पर ट्रेनिंग दी। वर्कशॉप में बूथ प्रबंधन पर सांसद संतोष पांडे ने संभाग के वक्ताओं को प्रशिक्षण दिया। समापन सत्र में नंदन जैन प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा ने शिरकत की। यह सत्र जिज्ञासा और समाधान विषय पर आधारित रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती के सामने दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यशाला की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। प्रशिक्षण, अनुशासन और समर्पण के साथ हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ एवं सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने किया। श्री कोठारी ने बताया कि ट्रेनिंग क्लास दीनदयाल महा प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है, जिसमें इस ट्रेनिंग सत्र में ट्रेंड हुए नेता और ट्रेनर आगे जिलों में जाकर मंडल स्तर बूथ लेवल तक के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देंगे।

### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण, 7 विषयों पर हुआ मंथन

### कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का पाठ

बीजेपी अपने कार्यकर्ताओं के लिए तकनीक की क्लास भी लगा रही है। पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सोशल मीडिया के दखल के साथ बदले कल्चर में कार्यकर्ता किस तरह से जानकारी से अपडेट रहें, सत्ता में रहने के बावजूद कार्यकर्ता का संवाद क्या होना चाहिए और संपर्क के नए एआई टूल क्या हैं? राजनांदगांव में जुटे पार्टी के कार्यकर्ताओं को ये प्रशिक्षण दिया गया।

# समोदा में 10 एकड़ अफीम की खेती का खुलासा - भागवत साहू

### कहा - भाजपा संरक्षण के बिना संभव नहीं



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अवैध अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

दुर्ग जिले के समोदा गांव में बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

श्री साहू ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेशवासियों को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की अवैध खेती होने का खुलासा हुआ है जो बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि यह खेती भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा करवाई जा रही थी। उनका कहना है कि बिना शासन-प्रशासन के संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती संभव नहीं है। श्री साहू ने कहा कि जब प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार और गृह विभाग की होती है तो ऐसे में इतने बड़े स्तर पर अवैध अफीम की खेती होना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और इसके पीछे शामिल सभी लोगों का खुलासा किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यदि इस मामले में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आती है, तो यह प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

उन्होंने ने प्रदेश के गृह मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने की मांग भी की है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को इस मामले में पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। उन्होंने ने यह भी कहा कि प्रदेश में नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए अन्यथा आने वाले समय में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है।

## अनमोल दावा

"बुरी पुस्तकों का अध्ययन करना, जहर पीने के समान है।

## सम्पादकीय

### अमेरिका इजराइल के संयुक्त युद्ध व ईरान के पलटवार से खाद्यान्न, खाद और फ्यूल का संकट गहराएगा

अमेरिका और इजराइल साथ मिलकर इरान पर हमला कर रहे हैं। ईरान ने भी पलटवार करके इजराइल और खाड़ी के 13 देशों पर हमला किया है। यह युद्ध कितना लम्बा चलेगा ? इस पर युद्ध विशेषज्ञों के द्वारा तर्क-वितर्क टीवी चैनलों में सुनाई दे रहे हैं। ईरान किन्ही भी सूरत में झुकने को तैयार नहीं है और न ही डोनाल्ड ट्रम्प हमले करने से बाज आ रहे हैं। भारत सहित दुनिया भर के देशों के हालात इस भीषण युद्ध से बिगडते जा रहे हैं।

ईरान ने अपने पर हुए हमले का बदला लेने मिडील ईस्ट में याने कि गल्फ के देशों में आए अमेरिका के सैन्य अड्डों हमले किए हैं। पश्चिम एशिया की हालात दिन पर दिन और अधिक खराब हो रही है। जिसकी सीधी असर खाद्यान्न की प्रदाय चेन, क्रूड आईल और गैस तथा खाद की सप्लाय की चेन पर पड़ रही है। यद्यपि, यह स्थिति अधिक समय तक चालू रहेगी तो पश्चिम एशिया में और खास करके विश्व के अन्य देशों में खाद्यान्न की सुरक्षा के सामने विकट संकट उपस्थित होगा। प्रत्येक रोजमर्रा की उपयोग में आने वाली वस्तुएं मंहगी हो सकती हैं। अब ऐसी स्थिति खराब करने का जवाबदार कौन है? ऐसे प्रश्न लोगों के जेहन में उठ रहे हैं। स्पष्ट है कि पश्चिम का देश अमेरिका को ही इसका सीधा जवाबदार मानना चाहिए । उसके साथ इजराइल भी इसका जवाबदार है। इन दोनों ही देशों ने अपनी जिदद व अहंकार को पोषने के लिए और ईरान को जमींदोज करने के लिए अन्य देशों और वहां की जनता को भयग्रस्त कर दिया है। युद्ध अपने पराकाष्ठा की सीमा लांघने जा रहा है।

पश्चिम एशिया खाद का बड़ा उत्पादक है। दुनिया भर में यूरिया की निर्यात का 35 प्रतिशत हिस्सा हार्मुज की खाड़ी में से होकर जाता है। 45 प्रतिशत सल्फर भी यहीं से निर्यात होता है। युरिया खाद की सबसे ज्यादा खपत खेती में ही होती है। 4 साल पहले रूस और युक्रेन का युद्ध शुरू हुआ था, तभी से गेहूं और खाद की प्रदाय चेन में अवरोध उत्पन्न हुए थे। इन दोनों उत्पादकों की कीमतों में असाधारण उछाल आया था। युक्रेन और रूस विश्व में 30 प्रतिशत गेहू का निर्यात करते हैं। यह निर्यात उस समय स्थगित हो गया था । उस समय भारत में से गेहूं की निर्यात बढ़ाई गई थी । ईरान के द्वारा गल्फ के देशों पर किए हमलों के बाद कतार एनर्जी ने सल्फर, अमोनिया और यूरिया का उत्पादन बंद कर दिया है। खाद की शार्टेज से ईरान, सऊदी अरब, चीन भी प्रभावित है। चीन चाहे तो वैश्विक प्रदाय बंद करके लोगों को परेशान कर सकता है। प्राकृतिक गैस की भी यही स्थिति है। भारत में रसोई गैस और कामर्शियल गैस के दामों में भारी बढ़ौतरी हुई है। भविष्य में फ्यूल संकट भी गहरायेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। उसके उत्पादन में बहुत कमी आयी है। सप्लाय घटी है। भारत भी यूरिया की आयात बड़ी मात्रा में करता है। इस कारण यहां भी स्थिति अधिक गंभीर है। भारत में इस समय, किसानों को समय पर खाद नहीं मिलेगी तो अब बाद की खरीफ मौसम में खाद्यान्न के उत्पादन पर खराब असर होगी। कृषि उत्पादन में 50 प्रतिशत की कमी हो सकती है। जिसके परिणाम युद्ध से भी अधिक भयावह हो सकते हैं।

# एआई के साथ बदलता भारत

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक नए युग की कगार पर खड़ा है, जहाँ प्रौद्योगिकी ज़िन्दगियां बदल रही है और देश की प्रगति को आकार दे बना रही है। एआई अब केवल शोध प्रयोगशालाओं या बड़ी कंपनियों तक ही सीमित नहीं है। यह हर स्तर पर नागरिकों तक पहुँच रहा है। दूरदराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच को बेहतर बनाने से लेकर किसानों को फसल के बारे में पूरी जानकारी के साथ निर्णय लेने में मदद करने तक, एआई दैनिक जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक कनेक्टेड बना रहा है। यह व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं में क्रांति ला रहा है, शहरों को साफ और सुरक्षित बना रहा है, और तेज, डेटा-आधारित शासन के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बना रहा है।

इंडियाएआई मिशन और एआई उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलें इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। ये कंप्यूटिंग पॉवर तक पहुँच का विस्तार कर रही हैं, अनुसंधान का समर्थन कर रही हैं, और स्टार्टअप्स तथा संस्थानों को ऐसे समाधान तैयार करने में मदद कर रही हैं, जिनसे लोगों को सीधे लाभ पहुँचे। भारत का दृष्टिकोण एआई को खुला, किफायती और सुलभ बनाने पर केंद्रित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार समाज को समग्र रूप से उन्नत करे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वह क्षमता है जो मशीनों को ऐसे कार्य करने में सक्षम बनाती है जिनके लिए सामान्यतः मानव बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है। यह सिस्टम्स को अनुभव से सीखने, नई परिस्थितियों के अनुकूल ढलने, और जटिल समस्याओं को स्वतंत्र रूप से हल करने में सक्षम बनाती है। एआई डेटा सेट, एल्गोरिदम और बड़े भाषा मॉडल का उपयोग करके जानकारी का विश्लेषण करता है, पैटर्न पहचानता है, और प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करता है। समय के साथ, ये सिस्टम्स अपनी प्रदर्शन क्षमता में सुधार करती हैं, जिससे वे मनुष्यों के समान तर्क कर सकें, निर्णय ले सकें, और संवाद कर सकें।

यह समावेशी दृष्टिकोण नीति आयोग की रिपोर्ट, समावेशी सामाजिक विकास के लिए एआई (अक्टूबर 2025) में भी परिलक्षित होता है। रिपोर्ट दिखाती है कि कैसे एआई भारत के 49 करोड़ अनौपचारिक श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, और वित्तीय समावेशन तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बना सकता है। यह रेखांकित करती है कि एआई-आधारित उपकरण लाखों ऐसे लोगों की उत्पादकता और लचीलेपन को बढ़ा सकते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि प्रौद्योगिकी गहरी सामाजिक और आर्थिक खाइयों को पाट सकती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि एआई के लाभ हर नागरिक तक पहुँचें।



भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है, इस वर्ष इसके वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई इकोसिस्टम में 60 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप्स हैं, और पिछले वर्ष लॉन्च हुए नए स्टार्टअप्स में से लगभग 89 प्रतिशत ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया।

नैसकॉम एआई एडॉप्शन इंडैक्स पर, भारत ने 4 में से 2.45 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे पता चलता है कि 87 प्रतिशत उद्यम सक्रिय रूप से एआई समाधान का उपयोग कर रहे हैं।

एआई अपनाने में अग्रणी क्षेत्र हैं: औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएँ और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा। ये मिलकर एआई के कुल मूल्य का लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

जैसे-जैसे भारत एक समावेशी एआई इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, इसकी बढ़ती वैश्विक मान्यता इस प्रगति को दर्शाती है। स्टैनफोर्ड एआई सूचकांक जैसी रैंकिंग भारत को एआई कौशल, क्षमताओं और नीतियों में शीर्ष चार देशों में स्थान देती है। देश गिटहब पर एआई परियोजनाओं में दूसरा बसे बड़ा योगदानकर्ता भी है, जो इसके डेवलपर समुदाय की ताकत को उजागर करता है। एक मजबूत स्ञ्झश्वरू (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, गणित) कार्यबल, विस्तृत अनुसंधान इकोसिस्टम, और बढ़ती डिजिटल अवसंरचना के साथ, भारत आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के दीर्घकालिक विज़न को साकार करने हेतु एआई का उपयोग करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रतिस्पर्धात्मकता में वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग वैश्विक एआई परिदृश्य में भारत के तेज़ विकास को उजागर करती है। रिपोर्ट 2017 से 2024 तक एआई विकास और नवाचार को मापती है। यह हालिया उपलब्धि भारत की तेजी से बढ़ती एआई प्रतिभा, मजबूत अनुसंधान क्षमताओं, जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम, निवेश और आर्थिक प्रभाव, अवसंरचना, और नीति तथा शासन को रेखांकित करती है। भारत में एआई बनाना और एआई को भारत के लिए कारगर बनाना के विज़न से प्रेरित होकर, कैबिनेट ने मार्च 2024 में इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी, जिसका पांच वर्षों के लिए बजट 10,371.92 करोड़ है। यह मिशन भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में वैश्विक नेता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

अपने लॉन्च से ही, मिशन ने देश की कंप्यूटिंग अवसंरचना के विस्तार में मजबूत प्रगति की है। 10,000 जीपीयू के प्रारंभिक लक्ष्य से, भारत ने अब 38,000 जीपीयू हासिल कर लिए हैं, जो विश्व-स्तरीय एआई संसाधनों तक किफायती पहुँच प्रदान करते हैं।

जीपीयू या ग्राफ़िक्स प्रोसेसिंग यूनिट एक शक्तिशाली कंप्यूटर चिप है जो मशीनों को तेज़ी से सोचने, छवियों को संसाधित करने, एआई प्रोग्राम चलाने, और जटिल कार्यों को सामान्य प्रोसेसर की तुलना में अधिक कुशलता से संभालने में मदद करती है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वतंत्र व्यापार प्रभाग, इंडियाएआई द्वारा कार्यान्वित यह मिशन एक व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जो नवाचार को प्रोत्साहित करता है, स्टार्टअप्स को समर्थन देता है, डेटा तक पहुँच को मजबूत करता है, और सार्वजनिक हित के लिए एआई का जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करता है। यह स्तंभ किफायती लागतों पर उच्च-स्तरीय जीपीयू उपलब्ध कराता है। जैसा कि पहले बताया गया, 38,000 से अधिक जीपीयू शामिल किए गए हैं। ये जीपीयू केवल 65 प्रति घंटा की सब्सिडी दर पर उपलब्ध हैं। यह स्तंभ विशिष्ट रूप से भारत की चुनौतियों के लिए एआई एप्लीकेशन विकसित करता है। इसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन, और सहायक शिक्षण प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। जुलाई 2025 तक तीस एप्लीकेशंस को मंजूरी दी गई है। मंत्रालयों और संस्थानों के साथ क्षेत्र-विशिष्ट हैकथॉन आयोजित किए जाते हैं। उदाहरण के लिए, साइबरगार्ड एआई हैकथॉन साइबरसुरक्षा के लिए एआई समाधान विकसित करने में मदद करता है।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : स्वयं को खुश रखें, दूसरों से भी आपको मिलेगी खुशी



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

हमारे सामने प्राय : एक प्रश्न बार-बार उपस्थित होता है। वह भी कई रूपों में। उदाहरण के लिए, मैं स्वयं से खुश क्यों नहीं हूँ? लोग केवल अपने को देखते हैं। लोग मुझे खुशी नहीं देते।

अब इन प्रश्नों का समाधान क्या हो? यह तो तय है कि कोई दूसरा व्यक्ति आपको खुश नहीं करेगा। आपको अपने आप को प्रसन्न रखना होगा। प्रसन्नता का स्रोत आपके भीतर है। आपको इस आंतरिक प्रसन्नता को महसूस करना होगा। साथ ही बाह्य कारकों से कार्य व्यापार के दौरान भी आपको अपनी प्रसन्नता के सूत्र ढूंढ़ने होंगे। बाह्य परिस्थितियाँ आपके अनुकूल हों, यह आवश्यक नहीं है। बाहर कभी आपके विरोध, असहमति और आपसे किसी के द्वंद्व की स्थिति भी बन सकती है। ऐसी स्थितियों में भी अपनी सहजता को बनाए रखने की आवश्यकता होती है। कठिनाइ?यों और बाधाओं के मध्य भी अपना संतुलन और मनोबल बनाए रखना होता है।

अगर आप बाहर कोई नकारात्मकता देखें तो साथ ही आसपास सकरात्मकता के सूत्र भी आपको अवश्य दिखाई पड़ेंगे। बाहर ऐसा भी कुछ है, जो आपको प्रसन्नता दे जाए। पेड़ पौधे, प्रकृति की सुंदरता, सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य, जल, प्राणवायु, सभी चराचर प्राणियों को धारण करनी वाली मिट्टी और गिने-चुने ही सही, पर अपने हितैषी और शुभचिंतक।आप इनको देखें। अपने जीवन में इनकी भूमिका देखें।आप पाएंगे कि आप अब हर परिस्थिति में खुश होना और आंतरिक प्रसन्नता का अनुभव करना सीख रहे हैं। साथ ही लोगों का दृष्टिकोण भी आपके प्रति बदलने लगा है और कहीं न कहीं वे भी आपकी खुशी में योगदान कर रहे हैं।

याद रखें, कोई दूसरा आपको खुश करने के लिए नहीं आने वाला है।अगर आप इसकी प्रतीक्षा करने बैठे हैं, तो प्रतीक्षा ही करते रह जाएंगे।

## कविता

### ।। हमर गांव सरग कस ।।

हमर गांव' सरग कस छांव हवे,
सब मे अपनत्व के भाव हवे।
वो भूखे कइसे जा सकथे
इंहा आने वाला,
पानी- पसिया के ओखर
ठहराव हवे।
हमर गांव....
सगा ल इंहा भगवान माने जाथे,
सब्बै ल अपन चिन्हान माने जाथे।
गांव के खपरा छानी, अब होगे
पक्का मकान,
पढ़े- लिखे मनखे ल सुजान मानें जाथे।
आत्मनिर्भरता ले सबके थिरभाव हवे।।
हमर गांव....
तरिया, नदिया, कुंआ में पानी हवे लबालब,
खेत-खार, डोंगरी पहाड़ दिखथे
हरियर सब।
बेरोजगारी के नाव इंहा नइहे कोइ लेवइया,
लूवत हे दूहरी फसल, हाथों सब खबाखब।
सड़क, स्कूल, पंचायत, इलाज
के सब निरभाव हवे।।
हमर गांव....
रंग-रंग के गहना-गूंटा
पहिने नारी परानी
कोठी डोली छलके,
छाहित हे लक्ष्मी महरानी।
चारों मुड़ा राम-राम, पैलगी के होथे गुंजार,
मीठ भाखा लगथे जइसे अमरित कस बानी।
चिरई चिरगुन के चिंव-चिंव
कौआ के कांव-कांव हवे।।
हमर गांव.....
आदिवासी -मूल निवासी सब्बो
अंग्रेजी झाड़त हे।
शिक्षित होगे गांव त
कोई टूरी मन नइ माड़त हे,
आधुनिकता के संग संस्कार
के घलो इंहे शिक्षा हे,
भले गवंइया हे, फेर ज्ञान-गुन
इंखर बाढ़त हे।
न कोन्हो संग आंटी के आंटा
अउ न कोई अलगाव हवे।।
हमर गांव.....
पुलिस-दरोगा, थाना -कचहरी
ले दूरिहा से लोगन मन,
बड़े-बड़े समस्या ल सुलझा लेथे
बइठ के अपन।
सच्चा फैसला होथे जइसे
पंच-परमेश्वर सरीख
काखरो एको बिगड़े नही
अउ उल्टा उंखर जाथे बन।
सब्बो ले आत्मीयता बने हे
न कोन्हो ले दुराव हवे।।
हमर गांव सरग कस छांव हवे,,
सब ले अपनत्व के भाव हवे
हमर गांव.....



मानसिंह "मौलिक"
महामाया चौंक, बसंतपुर राजनांदगांव

## तुक्कक कथा

### होली में जी जाता है मन का रावण

दशहरा में मरे रावण को
रूप बदल कर
होली में शान से चलते हुए देखा,
तो गजाधर के मुख पर
खिंच आई भयंकर आश्चर्य की रेखा।
बोल उठे-"हे रावण महान!
आप तो मृत्यु से भी बड़े है!
हमारे सामने आज अकड़ कर जीवित खड़े हैं!
रावण के दस मुख पर,
व्यंग्य भरी मुस्कान बिखर गई
बोला-"गजाधर! बात जब
मरने-जीने की निकल गई
तो बैठो, यहां बालाजी बगीचे में हमारे साथ।
और सुनो यह भेद भरी बात-
"रावण को चतुर-चालाक लोग
भोली-भाली जनता के सामने
मारने का 'नाटक' करते हैं,
पर उनके मन के रावण का असली नटक तो
'परदे के पीछे' बदस्तुर चलते रहते हैं।
हम वहीं उनके 'मन के रावण' हैं।
और तुम्हारे जैसे साधारण लोगों को
हम जानते है
जो होली में रंग-गुलाल लगाते हैं,
और दशहरा में सोन पत्ती बाँटते हैं।"
(शुक्रवार 6 मार्च 2026)



गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -336

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गीरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. पैसा की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे : 1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 335 का हल



## सू- दोकू क्र. 336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.335 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष**
मेष राशि, सामाजिक उथल-पुथल के बीच व्यक्तिगत संबंधों में संतुलन बनाए रखें। आपके सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिसके कारण आपका पूरा ध्यान साझेदारी, विवाह और दूसरों के साथ तालमेल बिठाने पर केंद्रित रहेगा। आप बाहरी शोर-शराबे से प्रभावित हुए बिना अपने करीबी संबंधों में मधुरता बनाए रखें।

**वृष राशि**
आज चंद्रमा आपके छठे भाव में होने से आपका ध्यान सेवा, स्वास्थ्य और दैनिक कार्यों के परिश्रम पर रहेगा। आपके दसवें भाव (करियर) में ग्रहों का भारी जमावड़ा पेशेवर जीवन में बड़ी हलचल का संकेत दे रहा है। अधिकारियों का व्यवहार आज अनिश्चित हो सकता है और वक्री बुध पुरानी गलतियों को फिर से सामने ला सकता है।

**मिथुन**
आज चंद्रमा आपके पांचवें भाव में हैं, जो आपके लिए प्रसन्नता और रचनात्मक ऊर्जा लेकर आएंगे। कलात्मक कार्यों और प्रेम संबंधों के लिए यह एक सुखद समय है, लेकिन नौवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा वैचारिक मतभेद या यात्रा में बाधाएं पैदा कर सकता है। आपकी कूटनीति और मधुर वाणी आज लोगों को आकर्षित करेगी।

**कर्क**
चंद्रमा आज आपके चौथे भाव में हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान परिवार, घर और आंतरिक शांति पर रहेगा। आप अपने घर को एक सुरक्षित ठिकाना बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आठवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा वित्तीय मामलों या अचानक मिलने वाली सूचनाओं के कारण बेचैनी पैदा कर सकता है।

**सिंह**
आज चंद्रमा आपके तीसरे भाव में होने से आप बौद्धिक रूप से सक्रिय रहेंगे। मार्केटिंग, सेल्स और अपने विचारों को पेश करने के लिए आज का दिन बेहतरीन है क्योंकि आपकी संवाद शैली और डिप्लोमेसी चरम पर है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे और आपकी शालीनता कठिन परिस्थितियों को नरम कर देगी।

**कन्या**
कन्या राशि, व्यवसायों के तनाव को झेलते हुए आर्थिक स्थिरता की तरफ ध्यान दें। आज चंद्रमा आपके दूसरे भाव में हैं, जिससे आपका ध्यान वाणी की मधुरता, परिवार और धन संचय पर रहेगा। जहाँ आप आर्थिक योजनाएं बनाएंगे, वहीं छठे भाव में ग्रहों का जमावड़ा रोग, ऋण या शत्रुओं से जुड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

**तुला**
तुला राशि, व्यक्तिगत शालीनता बनाए रखें और रचनात्मक तनाव को समझदारी से संभालें। चंद्रमा आज आपकी अपनी राशि (प्रथम भाव) में हैं, जो आपको अत्यधिक आकर्षक, न्यायप्रिय और संतुलित बनाएंगे। प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में अचानक उथल-पुथल ला सकता है। आपका व्यक्तित्व आज चुंबकीय रहेगा।

**वृश्चिक**
आज चंद्रमा आपके बारहवें भाव में होने से आप अंतर्मुखी और आध्यात्मिक महसूस करेंगे। जहाँ आप एकांत चाहेंगे, वहीं चौथे भाव में ग्रहों का जमावड़ा पारिवारिक शांति में खलल डाल सकता है। घर में बिजली के उपकरणों में खराबी या पुराने पारिवारिक मुद्दों पर बहस की संभावना है। आपकी सफलता बाहरी कलह से प्रभावित न होने में है।

**धनु**
धनु राशि, सामाजिक संपर्कों से संचार की बाधाओं को दूर करें आज चंद्रमा आपके ग्यारहवें भाव में हैं, जिससे आप सामाजिक रूप से सक्रिय और महत्वाकांक्षी रहेंगे। आप बड़े समूहों के साथ काम करना चाहेंगे, लेकिन तीसरे भाव में ग्रहों का जमावड़ा संचार में कड़वाहट या तकनीकी खराबी ला सकता है। नेटवर्किंग के लिए दिन अच्छा है।

**मकर**
मकर राशि, पेशेवर गरिमा बनाए रखें और वित्तीय उथल-पुथल को संभालें। आज चंद्रमा आपके दसवें भाव में होने से आपका करियर और सार्वजनिक छवि चमकेगी। आपकी कूटनीति वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत में काम आएगी। वक्री बुध आपको पुरानी संपत्ति या पुराने कौशल से धन कमाने का नया जरिया दिला सकता है।

**कुंभ**
कुंभ राशि, उच्च ज्ञान के माध्यम से अपनी आंतरिक ऊर्जा को संतुलित करें। आज ग्रहों का मुख्य 'तूफान' आपकी अपनी राशि (प्रथम भाव) में है, जहाँ सूर्य, मंगल, राहु और वक्री बुध एक जबरदस्त ऊर्जा और बदलाव की इच्छा पैदा कर रहे हैं। नौवें भाव का चंद्रमा आपको चीजों को बड़े नजरिए से देखने में मदद करेगा।

**मीन**
मीन राशि, मानसिक शांति के लिए आत्म-अनुशासन और एकांत का सहारा लें। आज चंद्रमा आपकी राशि से आठवें भाव में होने से आपको रहस्य, शोध और साझा संपत्ति के कार्यों में प्रेरणा मिलेगी। आपकी सफलता अपनी राशि में स्थित शनि और शुक्र के अनुशासन को अपनाकर बाहरी भ्रम से बचने में है। आपका इंट्यूशन बहुत तेज रहेगा।

# खैरागढ़ में कांग्रेस का हल्लाबोल : अफीम की खेती और महंगाई के खिलाफ फूंका पीएम मोदी का पुतला

**(यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू' जिला ब्यूरो चीफ खैरागढ़)**

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पूरा प्रदेश सुखे नशे और बढती महगांई के गिरफ्त में है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार को जिला मुख्यालय खैरागढ़ के अंबेडकर चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के डबल इंजन की सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक भाजपा नेता द्वारा कथित रूप से साढ़े नौ एकड़ जमीन में पांच एकड पर की जा रही अफीम की खेती और देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों के दामों में लगी आग सहित बेतहाशा कमरतोड़ महगांई को लेकर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारी काग्रेसीयो और पुलिस के बीच पुतले दहन को लेकर तीखी झड़प और झूमा झटकी भी देखने को मिली।

### कांग्रेसियों ने अंबेडकर चौक पर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार की खिलाफ किया प्रदर्शन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू के नेतृत्व में किसान कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ता स्थानीय अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वही कांग्रेसियों का



**समोदा कांड और सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर अंबेडकर चौक पर उग्र प्रदर्शन, पुलिस के साथ हुई तीखी झुमाझटकी**

सीधा आरोप है,कि छत्तीसगढ़ अब नशे के कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान जब कांग्रेसी पुतला दहन करने के लिए आगे बढ़े तो तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जिससे माहौल गरमा गया और काफी देर तक गहमागहमी बनी रही।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कोमल साहू ने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी अच्छे दिन और महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता में आए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में जनता को सिर्फ महंगाई की मार मिली है। घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर के दाम 115 रुपये बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है। दुर्ग के समोदा में मिले अफीम के खेत का जिक्र करते हुए कोमल दास साहू ने इसे सत्ता संरक्षित अपराध करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना राजनीतिक संरक्षण के कोई व्यक्ति इतने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती कैसे कर सकता है? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली गईं और अफीम कांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में आंदोलन और भी उग्र होगा।

इस विरोध प्रदर्शन और पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पं. मिहिर झा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरूण भरतव्दाज, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप सिरमौर, छुईखदान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गंडई ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मन्नू चंदेल, जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमकल्याणी तोड़े, भिखमचंद छाजेड़, विजय वर्मा, आकाश दीप सिंह, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, विप्लव साहू, जितेंद्र सिंह गौर, विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, रिंकू गुप्ता, हिमाचल राजपूत, मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी, संत निषाद, कोमल वर्मा, सुहैल खान 'रानू' सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाल चुनाव में भाजपा ने मुकेश साहू को सौंपी उत्तरपाड़ा विधानसभा की जिम्मेदारी

**युवा मोर्चा से सक्रिय कार्य और बेहतर संगठनात्मक प्रदर्शन के कारण मिली जिम्मेदारी**



डोंगरगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत मुकेश साहू को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जोन अंतर्गत हुगली जिले के श्रीरामपुर संगठनात्मक क्षेत्र की 185 उत्तरपाड़ा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में वे अपने प्रभार क्षेत्र में पहुंचकर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हो गए हैं।

बताया जाता है कि मुकेश साहू को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पार्टी में लंबे समय से सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा में उनके बेहतर प्रदर्शन और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए सौंपी गई है। मुकेश साहू ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में वे उत्तरपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने तथा जनसंपर्क बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। प्रभार क्षेत्र में पहुंचने के बाद उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक रणनीति और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।

## पहला कॉलम...

# महराजपुर में होली मिलन समारोह की धूम, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल



छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम महराजपुर में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। रंगों के इस पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने उपस्थित ग्रामवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व समाज में एकता, सौहार्द और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन लोगों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं और समाज में आपसी संबंधों को और भी प्रगाढ़ बनाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। समारोह में पारंपरिक गीत-संगीत, आपसी मिलन और रंग-गुलाल के साथ उत्सव का आनंद लिया गया। इस अवसर पर छन्नी साहू (पूर्व विधायक खुज्जी), संजय सिन्हा (अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया), प्रताप धावड़े (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा), राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया), रविन्द्र वैष्णव, ग्राम सरपंच, नरेश शुक्ला (सरपंच), राजू सिन्हा (कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया), लादूराम तुमरेकी, मनोज सिन्हा (पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग), चुम्मन साहू (जनपद सदस्य) सहित ग्राम प्रमुख, ग्राम पटेल, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बाइक से गिरकर घायल हुई शिक्षिका का रायपुर एम्स में इलाज के दौरान निधन



खैरागढ़ (दावा)। नगर के दाऊचौरा लल्ला चाल निवासी शिक्षिका मर्सी बचइया (48 वर्ष), जो शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे का शिकार हुई थीं। आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई और रायपुर एम्स में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली और उनकी मौत हो गई। इस खबर के बाद शिक्षा जगत और स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार मर्सी बचइया अमलीपारा स्थित वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षिका थी। शनिवार सुबह करीब 8:45 बजे वे अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान किल्लापारा के पास उनकी साड़ी का पल्लू अचानक बाइक के पिछले पहिये में फंस गया। झटके के साथ वे सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।

### इलाज के लिए मची रही जद्दोजहद

हादसे के बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल खैरागढ़ ले जाया गया था। जहाँ से उन्हें राजनांदगांव और फिर दुर्ग के निजी अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार न होते देख परिजनों ने उन्हें रायपुर एम्स में भर्ती कराया था। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी गंभीर चोटों के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। शिक्षिका मर्सी बचइया अपने मृदुभाषी व्यवहार और अध्यापन शैली के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन पर स्कूल प्रबंधन और उनके छात्रों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# ग्राम दर्री एवं अरसीटोला में विकास कार्यों के लिए 27 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 27 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम दर्री में अटल सद्भावना भवन निर्माण के लिए 15 लाख एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए तथा ग्राम अरसीटोला में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# परिक्षेत्र साहू संघ घोरदा के तत्वाधान में भव्य शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। परिक्षेत्र साहू संघ घोरदा के निर्वाचन उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन तहसील साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष शिवराम साहू के मुख्य आतिथ्य, तहसील संरक्षक हेमंत साहू की अध्यक्षता व पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव अमरनाथ साहू, तहसील उपाध्यक्ष गणेश साहू के विशिष्ट अतिथियो की उपस्थिति में नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन पूरे हर्षोल्लास से मां कर्मा सांस्कृतिक भवन घोरदा में वृहद रूप से हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम का संचालन कर रहे लविंद्र साव ने अतिथियों के माध्यम से मां कर्मा के सामूहिक पूजन अर्चन को गति प्रदान कर व अतिथि स्वागत के पश्चात तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शिवराम साहू ने परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लविंद्र साव व महिला उपाध्यक्ष दीपिका साहू, संगठन सचिव गिरीश साहू व पूनम साहू, सचिव हिरदे राम साहू, कोषाध्यक्ष भैयालाल साहू, सलाहकार संरक्षक चेतनदास साहू, तीरथ साहू सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजकों देवेंद्र साहू, भूषण साहू, मोहनीश साहू, दीनाराम साहू, धन्नू साहू, ओम कुमार साहू, भीखम साहू, भोलादास साहू, बलिराम साहू, सावित्री साहू, मिनेश कुमार साहू को शपथ ग्रहण कराया गया। इसी क्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनेश्वर साहू द्वारा परिक्षेत्र अधीनस्थ विभिन्न ग्राम के अध्यक्ष, सचिव व पदाधिकारियों को भी शपथ ग्रहण कराया गया।



**तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू,पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील संरक्षक हेमंत साहू, तहसील उपाध्यक्ष गणेश साहू सम्मिलित हुए**

अतिथि के रूप में मौजूद अमरनाथ साहू ने इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए एकता और अखंडता के साथ विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।इस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में शिवराम साहू, हेमंत साहू,गणेश साहू ने क्रमशः संबोधित करते हुए निस्वार्थ भाव से दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा देते हुए समस्त निर्वाचित पदाधिकारी गणों को शुभकामनाएं प्रेषित किए। शपथ ग्रहण समारोह का सफलतापूर्वक संचालन परिक्षेत्र उपाध्यक्ष लविंद्र साव व आभार ज्ञापन श्री चुनेश्वर साहू ने किए। कार्यक्रम में तहसील संगठन सचिव पूनम साहू, अमीलीडीह अध्यक्ष हकिन साहू,कृष्णलाल साहू,मोहित साहू तहसील पदाधिकारियों के साथ-साथ मामेश साहू,जीवन लाल साहू,रूपसिंह साहू,याद राम साहू, राजेश साहू,दुर्गाप्रसाद साहू,फूलचंद साहू,समस्त ग्राम के अध्यक्ष सचिव स्वजातीय बंधुओ सम्मानित सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# ग्राम खैरबना और कन्हारगांव में फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। ग्रामीण अंचल के विभिन्न ग्रामों में होली महोत्सव के दौरान फाग प्रतियोगिता का आयोजन कर होली पर्व का समापन किया जाता है। इसी के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिवनी कला के आश्रित ग्राम खैर बना और ग्राम पंचायत कन्हार गांव में फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,दोनों ही कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्षेत्र वासियों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण करने वाले रवि अग्रवाल को अपने बीच पाकर ग्रामीण जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा मंत्री एवं ग्राम पंचायत कन्हार गांव के सरपंच प्रतिनिधि जैन कुमार मेश्राम,सिवनी कला के सरपंच योगेश संचेती, , बीजेपी वरिष्ठ नेता सुंदर साखरे, हिरा साहू, हिरा पटेल, जनपद सदस्य अहिल्या कवर,सुनीता धगेस, देवेंद्र ठाकुर, डॉक्टर विशेष साहू, किशन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कल स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि विभिन्न कार्यक्रम

अंबागढ़ चैकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चैकी जिले के विकासखण्ड मोहला में गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ द्वारा आगामी मंगलवार 10 मार्च को 360 परगना व 14 गढ़ के मालिक पूर्व जमींदार स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस गौरवमयी दिवस को यादगार बनाने के लिए समाज द्वारा 'आदर्श सामूहिक विवाह' का आयोजन भी किया गया है। जिसमें गोंड समाज के 4 जोड़े सामाजिक रीति-रिवाज और नीति-नियमों के अनुसार परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मोहला-मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंड समाज केंद्र अध्यक्ष पुरन सिंह कुमेटी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पनाबरस राज जमींदार लक्ष्मेंद्र शाह मंडावी, पूर्व विधायक संजीव शाह कुंजाम, गोड़ समाज के संभाग अध्यक्ष मोहन हिड़को, पूर्व गोंड समाज संभाग अध्यक्ष नरेंद्र नेताम एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष पदुम सिंह तोप्पा, पूर्व महासचिव तुकाराम कोर्राम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ट के संभागीय महासचिव लखन सोरी, पूर्व संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, ब्लाक संरक्षक श्री नोहरू राम कुमेटी, केन्द्र उपाध्यक्ष श्री लाल सिंह सोरी सहित श्री प्रबल सलामे, श्री नारायण सिंह नेताम, श्री केजूराम गोगा, श्री राय सिंह सोरी, श्री भाव सिंह कुमेटी, श्री सुखराम तुलावी के अलावा सरपंच उरवाही श्रीमती चित्ररेखा चनापे, सरपंच भोजटोला श्रीमती बिराज बाई उइके, सरपंच संगाली श्रीमती रमशिला नेताम, सरपंच मड़ियानवाड़वी श्रीमती सुंदाय कुंदन धूर्वे के अलावा अन्य समाजिक प्रमुखगण उपस्थित रहेंगे।

**0 मोहला विकासखंड के सुवरबोड में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन**

**0 4 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह**

उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को कार्यक्रम सुबह 8 बजे से गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर महाराज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान को याद किया जाएगा। तत्पश्चात सामाजिक परंपराओं के साथ विवाह संपन्न कराए जाएंगे। गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ (मोहला) व सर्कल वाइवी, भोजटोला, हथेरल एवं बोटेझर ने क्षेत्रवासियों से इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की की अपील की है।

# बीजेपी नेता कर रहे अफीम की खेती, सरकार के नाक के नीचे फल-फूल रहा नशे का कारोबार - चुम्मन साहू



छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने छत्तीसगढ़ में नशे के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले हर मंच पर शराबबंदी और नशामुक्त छत्तीसगढ़ की बात करती है, लेकिन सत्ता में आते ही अपने वादों को भूल जाती है और नशे के कारोबार को संरक्षण देती है।

चुम्मन साहू ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के युवाओं को नशे के दलदल में धकेला जा रहा है और भाजपा सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर सरकार नशामुक्त छत्तीसगढ़ का नारा देती है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्ग जिले के ग्राम समोदा, जो राजधानी के करीब स्थित है। वहां भाजपा से जुड़े एक नेता द्वारा लगभग 7 एकड़ कृषि भूमि में अफीम की खेती की जा रही है। यह घटना प्रदेश सरकार के लिए बेहद शर्मनाक है और यह दिखाती है कि सरकार के नाक के नीचे नशे का कारोबार फल-फूल रहा है।

चुम्मन साहू ने कहा कि अफीम जैसी प्रतिबंधित फसल की खेती कोई एक दिन में तैयार होने वाला काम नहीं है। इसे तैयार होने में काफी समय लगता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इतने लंबे समय तक प्रशासन और सरकार को इसकी भनक तक नहीं लगी? यह पूरे प्रशासनिक तंत्र और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करता है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने नशामुक्त छत्तीसगढ़ का वादा किया था, लेकिन अब तक नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल या सख्त कानून नहीं बनाया गया है। इसके विपरीत प्रदेश में 67 नई शराब दुकानों को खोलने का फैसला लेकर सरकार ने माताओं और बहनों की भावनाओं के खिलाफ काम किया है। अंत में चुम्मन साहू ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और इस मामले में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों पर भी सख्त कदम उठाए जाएं।

# सशक्त महिला से ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव - किरण रविन्द्र वैष्णव

छुरिया (दावा)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना छुरिया द्वारा सामुदायिक भवन छुरिया में भव्य 'महतारी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम मंडावी, जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती उत्तरा निषाद, जनपद सदस्य श्रीमती भानबाई कंवर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नैन सिंह पटेल तथा वरिष्ठ पत्रकार मनभावन सिंह उईके, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष राजेश्वर धुर्वे,सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व क्षेत्र की बड़ी संख्या में माताओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। सम्मेलन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, मातृशक्ति के सम्मान और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से पूरा वातावरण उत्साह, प्रेरणा और सम्मान से परिपूर्ण दिखाई दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने प्रेरणादायी



उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, सम्मान और संस्कार की आधारशिला माना गया है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल, विज्ञान और व्यापार सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब एक महिला सशक्त होती है तो उसके साथ उसका परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ीयां भी सशक्त बनती हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित माताओं और बहनों से आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ें तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर प्रदान करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी निभाती हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः देखने को मिलता है। महतारी सम्मेलन के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### आज बडगांव-चारभांठा में फाग महोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम बडगांव-चारभांठा (बाजार नवागांव) में आज सोमवार 9 मार्च को दोपहर 12 बजे से फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श नवयुवक फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष जिपं राजनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथियों में रंजीता पडौती अध्यक्ष जपं डोंगरगांव, रामकुमार गुप्ता जिला भाजपा प्रवक्ता, महेश्वर साहू उपाध्यक्ष मंडल भाजपा डोंगरगांव, ज्योति जितेन्द्र साहू सरपंच, हीरालाल पिस्दा उपसरपंच, मोतीराम पिस्दा ग्राम पटेल की गरिमामय उपस्थिति होगी। इस होली फाग महोत्सव में प्रथम से लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले समितियों के लिए नगद पुरस्कारों की घोषणा की गई है। कार्यक्रम समापन के दौरान दोपहर 3 बजे आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भरत वर्मा उपाध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक होंगें।

# ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 10 विकेट से हराया, एलिसा हीली ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट ने 8 मार्च को डब्ल्यूएसीआई ग्राउंड पर टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ 10 विकेट से जबरदस्त जीत हासिल की, जिससे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली के लिए यह एक यादगार विदाई बन गई, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा की थी. भारत की प्रतीका रावल की बहादुरी भरी कोशिश के बावजूद, मेहमान टीम हार नहीं टाल पाई क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने आराम से एक छोटे टारगेट का पीछा करके जीत और सीरीज 12-4 से पक्की कर ली.





### प्रतीका रावल की यादगार पारी

तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 105/6 से आगे बढ़ते हुए, भारत ने पारी को संभालने के लिए प्रतीका रावल और स्नेह राणा पर बहुत भरोसा किया. प्रतीका के दिन की पहली बाउंड्री लगाने से पहले दोनों ने सावधानी से शुरुआत की और जल्द ही 105 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया. राणा को एक जीवनदान भी मिला जब एनाबेल सदरलैंड ने एक कैच छोड़ा, लेकिन वो इस मौके का फायदा नहीं उठा सकीं. एशले गार्डनर ने आखिरकार राणा को 54 गेंदों पर 30 रन पर आउट करके उनकी 50 रन की पार्टनरशिप तोड़ी.

### टीम इंडिया की फ्लॉप बैटिंग

इसके बाद भारत का निचला क्रम ज्यादा विरोध करने में नाकाम रहा. काश्वी गौतम बिना कोई रन बनाए अलाना किंग की गेंद पर स्लिप में कैच आउट हो गईं, जबकि सायाली सतघरे सिर्फ 3 रन बना पाईं, जिसके बाद किंग ने उन्हें भी आउट कर दिया. प्रतीका आखिरी विकेट थीं, जो फिर से गार्डनर का शिकार हुईं, उन्होंने 137 गेंदों में आठ बाउंड्री की मदद से 63 रन बनाए. भारत आख़िरकार 149 रन पर आउट हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 25 रन का टारगेट मिला.

### कंगारुओं की आसान जीत

ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य आसान था. ओपनर्स ने तेजी से कंट्रोल बना लिया, और 5वें ओवर में जॉर्जिया वोल ने लगातार 3 बाउंड्री लगाकर आसानी से मैच खत्म कर दिया, जिससे मेजबान टीम ने बिना कोई विकेट खोए टारगेट पूरा कर लिया और टीम इंडिया को मायूसी का सामना करना पड़ा.

### सदरलैंड का जलवा

मैच में इससे पहले सदरलैंड के शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन की वजह से ऑस्ट्रेलिया का दबदबा था. हीली के पहले बॉलिंग करने के फैसले के बाद, सदरलैंड और डेब्यू कर रही लूसी हैमिल्टन ने भारत की बैटिंग लाइनअप को परेशान किया. जेमिमा रोड्रिग्स ने एकमात्र हाफ-सेंचुरी बनाई, जिससे भारत 198 रन पर आउट हो गया, जिसमें सदरलैंड ने 4 और हैमिल्टन ने 3 विकेट लिए.

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस पेरी और सदरलैंड के बीच 134 रन की मजबूत पार्टनरशिप ने जवाब दिया. पेरी ने 76 रन बनाए, जबकि सदरलैंड ने 17 चौकों की मदद से शानदार 129 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया 323 रन बनाने में कामयाब रहा.

# ऑल इंग्लैंड ओपन में इतिहास रचने से एक जीत दूर लक्ष्य सेन



**नई दिल्ली। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 के फाइनल में पहुंचकर उन्होंने भारत को बड़ी उम्मीद दी है और अब वह सिर्फ एक जीत दूर हैं उस खिताब से, जिसका इंतजार देश पिछले 25 साल से कर रहा है। प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 के फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना चीनी ताइपे के खिलाड़ी लिन चुन यी से होगा।**

यह मुकाबला 8 मार्च को बर्मिंघम में खेला जाएगा। लक्ष्य सेन ने सेमीफाइनल में कनाडा के खिलाड़ी विक्टर लाई को कड़े मुकाबले में 21-16, 18-21 और 21-15 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पूरे टूर्नामेंट में लक्ष्य ने शानदार खेल दिखाया है और अब उनकी नजर खिताब पर है।

### 25 साल का इंतजार होगा खत्म?

लक्ष्य सेन के पास भारत के लिए 25 साल का लंबा इंतजार खत्म करने का सुनहरा मौका है। इससे पहले भारत के लिए यह खिताब सिर्फ दो खिलाड़ियों ने जीता है। सबसे पहले प्रकाश पादुकोण ने साल 1980 में और फिर पुलेला गोपीचंद ने साल 2001 में ऑल इंग्लैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया था। अगर लक्ष्य सेन यह मुकाबला जीत जाते हैं तो वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले तीसरे भारतीय बन जाएंगे।

### दूसरी बार फाइनल में पहुंचे लक्ष्य

यह लक्ष्य सेन का ऑल इंग्लैंड ओपन में दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2022 में भी फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन तब उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। इस बार उनके पास अधूरी कहानी को पूरा करने का मौका है।

# दीपक सिन्हा भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के शिक्षा प्रकोष्ठ, जिला राजनांदगांव के जिला संयोजक पद पर दीपक सिन्हा की नियुक्ति होने पर जिले के सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्धजनों में हर्ष का माहौल है।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलार समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दीपक सिन्हा लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी कार्यशैली, अनुभव एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा मिलेगी और शिक्षा से जुड़े विषयों पर जिले में सकारात्मक पहल को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि, श्री सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षा प्रकोष्ठ विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाएगा तथा समाज के युवाओं को मार्गदर्शन देने का कार्य करेगा।

दीपक सिन्हा को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से रवि सिन्हा अध्यक्ष शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, रमेश सोनवानी, शिव बालक सिन्हा, विजय सिन्हा, तारकेश सिन्हा, संजय सिन्हा, लता सिन्हा, गरुड़ सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, अनिल सिन्हा, देवव्रत सिन्हा, दीपक सिन्हा, प्रतिक सिन्हा, कुशलचंद सिन्हा, अजय सिन्हा, आशाराम सिन्हा सहित छत्तीसगढ़ कलार समाज एवं भाजपा के अनेक पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल हैं। सभी ने उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# फाग एवं झांकी प्रतियोगिता में शामिल हुई जागृति यदु



डोंगरगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित फाग महोत्सव एवं झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रमों में जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति जागृति चुन्नी यदु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने ग्राम अरसीटोला, कोकपुर, बम्हनीभाटा, खम्हेरा, तिलईरवार, तेंदुनाला एवं दर्राबांधा में आयोजित फाग महोत्सव में भाग लेकर ग्रामीणों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि, उत्साह, उल्लास और उमंग के रंग, होली का पर्व अपनों के संग हमारी भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें पुराने मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और प्रेम व सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

अंत में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने क्षेत्रवासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाईदूज पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की हुई महाआरती

राजनांदगांव (दावा)। जमातपारा स्थित स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा-कायस्थ समाज राजनांदगाँव के द्वारा भाईदूज के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आरती, फूलों की होली और महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों कायस्थ जन उपस्थित थे।



चित्रांशजनों ने हर्षोल्लास के साथ खेली फूलों की होली

कायस्थ सभा-कायस्थ समाज के द्वारा भाईदूज के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव, सचिव शरद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अखलेश श्रीवास्तव और महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा अवनिन्द्र कुमार लाला का परिचय सुरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा समाज के सभी सदस्यों से कराया गया। श्री चित्रगुप्त जी की आरती उपरांत समस्त चित्रांशजनों द्वारा फूलों की होली खेली गयी और महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए बताया कि मंदिर खुलने का समय बढ़ा दिया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग अपनी सुविधानुसार मंदिर आकर दर्शन लाभ ले सकते हैं। सचिव शरद श्रीवास्तव द्वारा बहुत जल्द वरिष्ठजनों के अनुमोदन उपरांत कार्यकारिणी जारी करने की घोषणा की।

पूर्व अध्यक्ष जय नारायण श्रीवास्तव द्वारा मंदिर विस्तार हेतु पच्चीस हजार रूपये एवं डॉ. महेश श्रीवास्तव द्वारा ग्यारह हजार रूपये दान देने की घोषणा की गई। वरिष्ठ जन श्रीमती इंदू श्रीवास्तव, सुश्री उषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सुश्री उषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष महिला विंग श्रीमती शशिबाला श्रीवास्तव ने नवीन पदाधिकारियों को श्रीफल देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व महिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव, श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव, पार्षद श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, पोपटलाल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अशोक बालाजी, रोहणीकांत श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सहित सैकड़ों चित्रांश जन उपस्थित थे।

# प्राचार्या रेणुका नामदेव के सेवानिवृत्त होने पर गठुला स्कूल में दी गई भावभीनी बिदाई

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय हाईस्कूल गठुला की प्राचार्या श्रीमती रेणुका महेश नामदेव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा शाला प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में प्राचार्य रेणुका नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, अध्यक्षता श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत गठुला ने की, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में शाला विकास समिति गठुला के अध्यक्ष टुकेश्वर साहू, श्रीमती ललिता टारजन जेड साहू पूर्व जनपद सदस्य, समाजसेवी हेमलाल साहू उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्या के परिजन क्रमशः पति महेश नामदेव, दोनो पुत्रियॉ श्रीमती पूजा वर्मा, श्रीमती प्रतिष्ठा श्रीवास्तव सपरिवार उपस्थित रहीं। शाला परिवार की ओर से आयोजन में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल के सभी शिक्षकगण, कार्यालय स्टाफ, संकुल केन्द्र गठुला के सभी शिक्षक, ग्राम गठुला के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण एवं शाला के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

बिदाई समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि के हॉथों मॉ सरस्वती के तैल्यचित्र पर पुष्पहार अर्पित करके एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। आयोजन में शाला परिवार की ओर से सभी गणमान्य अतिथिगण को गुलदस्ता भेंट करके, फूलमाला पहनाकर एवं गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पश्चात् शाला परिवार के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं कुछ रंगारंग सामूहिक नृत्य नाटिका के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया गया। आयोजन में सभी अतिथिगण ने बारी-बारी से सभा को संबोधित किया और मुख्य रूप से प्राचार्या नामदेव मैडम के गठुला स्कूल के कार्यकाल को उपलब्धियों से परिपूर्ण बताया। उन्होंने प्राचार्या नामदेव मैडम के सरल स्वभाव, मिलनसारिता, प्रशासनिक कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्वक्षमता एवं छात्रों के हित में किये गये उनके कार्यो की सराहना की। मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए निवृत्तमान प्राचार्या रेणुका नामदेव ने शाला में बिताये अपने कार्यकाल को अपने जीवन का अविस्मरणीय समय बताया एवं शाला परिवार, शाला विकास समिति, ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों से मिले सम्मान, सहयोग एवं सहभागिता के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने परिवारजन को विशेष धन्यवाद दिया जिनके सहयोग, त्याग एवं समर्पण से उन्हें अपने सेवा कार्यो को उत्कृष्टता से पूर्ण करने का साहस मिला। आयोजन के अंत में शाला परिवार के ओर से प्राचार्या श्रीमती रेणुका नामदेव को स्मृति चिन्ह देते हुए उपस्थित छात्रो, ग्रामवासियों एवं शाला स्टाफ की ऑखे नम हो गई । सभी ने भरे मन से स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्त प्राचार्या को, ढोल नगाड़ों के साथ स्कूल प्रांगण से ग्राम गठुला के मुख्यमार्ग तक बिदाई यात्रा निकालकर, ग्राम गठुला से सम्मानपूर्वक बिदाई दी।



गठुला स्कूल में प्राचार्या रेणुका नामदेव का बिदाई समारोह आयोजित

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**न्यूजीलैंड को हराकर....**

बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ उन्हें भी बोल्ड कर भारत की जीत लगभग पक्की कर दी। अभिषेक ने आखिरी विकेट लेकर टीम इंडिया की जीत पर मुहर लगा दी। बुमराह ने 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए, तो अक्षर पटेल ने 3 विकेट झटके। इस मुकाबले में टीम इंडिया के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉप ऑर्डर में संजू सैमसन, ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वहीं गेंदबाजी में अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह ने ऐसा दबाव बनाया कि न्यूजीलैंड की टीम पूरे मुकाबले में कभी भी भारतीय टीम से आगे नहीं निकल सकी।

**आज से संसद के बजट सत्र का....**

लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इस सत्र के दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठ सकता है। विपक्ष पहले ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद लगभग 60 लाख नाम हटाए जाने का मामला भी संसद में गूंज सकता है। तृणमूल कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि वह इस मुद्दे को सदन में जोर-शोर से उठाएगी। वहीं भाजपा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के मुद्दे को उठाने की तैयारी में है। सरकार इस सत्र के दौरान विद्युत संशोधन विधेयक सहित कई लंबित विधायी कार्यों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। सोमवार की कार्यसूची के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव ही दिन का मुख्य विषय रहेगा।

**पश्चिम एशिया संकट पर संसद में....**

सोमवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर भारत सरकार का रुख साफ करेंगे। लोकसभा के 9 मार्च के लिए जारी संशोधित कार्यसूची के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर सदन में पश्चिम एशिया की स्थिति और वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर जानकारी देंगे। बता दें कि पश्चिम एशिया में इन दिनों सुरक्षा स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। इसका कारण है कि अमेरिका और इस्राइल की तरफ से ईरान पर खूब बमबारी की जा रही है।

**यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान....**

मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन बताया है।

**238 बैलिस्टिक मिसाइल, 1,422 ड्रोन....**

और उसके हितों और राष्ट्रीय क्षमताओं की रक्षा हो सके। इस बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने इजरायल के तेल अवीव और बेर्शेबा शहरों में मौजूद सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों से हमला किया है। संगठन का कहना है कि जॉर्डन में स्थित एक अमेरिकी एयरबेस पर भी कई बार हमले किए गए। आईआरजीसी के मुताबिक जॉर्डन के अजरक शहर में स्थित मुवाफ्फक अल-सल्ती एयरबेस को खास तौर पर निशाना बनाया गया। ईरान का दावा है कि यह अमेरिका के लड़ाकू विमानों का सबसे बड़ा और सक्रिय सैन्य बेस है, जहां से अक्सर सैन्य अभियान चलाए जाते हैं।

**ईरान के तेल ठिकानों पर....**

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के कई प्रमुख सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को इजरायली सेना ने सटीक निशाना बनाया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। तेहरान के कई हिस्सों में बिजली और संचार सेवाएं बुरी तरह ठप पड़ गई हैं। यह हमला अब सिर्फ दो देशों की लड़ाई नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरे मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में एक बड़े युद्ध की आग भड़कने का खतरा पैदा हो गया है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस तनाव को तुरंत नहीं रोका गया, तो यह संघर्ष पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। इस खौफनाक हमले के बाद दुनिया भर से तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अमेरिका ने स्थिति पर बारीकी से नजर रखने की बात कही है और संयम बरतने की अपील की है। वहीं, कई अरब और यूरोपीय देशों ने इस बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र ने इस स्थिति को बेहद खतरनाक बताया है और दोनों पक्षों से तुरंत हमले रोकने की गुजारिश की है।

**अंतरराष्ट्रीय कानून लगभग खत्म....**

चर्चा की जा सके। दूसरी ओर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका को अपने व्यापक योजनाओं की स्पष्टता देनी चाहिए और बताना चाहिए कि ये योजनाएं पहले से मौजूद अंतरराष्ट्रीय नियमों से कैसे जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि हम किस दुनिया में रह रहे हैं और अमेरिका की योजनाएं इससे कैसे मेल खाती हैं। गौरतलब है कि ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के ताबड़तोड़ हमले और फिर जवाब में ईरान का इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर जोरदार बमबारी के बीच रूस की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय कानून की मौजूदा स्थिति को लेकर दुनिया की नजरें अब P-5 देशों पर टिक गई हैं।

**सीएम नीतीश के बेटे निशांत....**

जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में राज्यसभा जाने का फैसला लिया है और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद अब निशांत कुमार की औपचारिक राजनीतिक एंट्री कराई गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत कुमार पूरे बिहार का दौरा करेंगे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वहीं राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि भविष्य में उन्हें डिप्टी सीएम जैसे बड़े पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है, ताकि नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया जा सके।

**एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे: अमेरिका....**

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ भाईचारेऔर अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है।

**शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर....**

करते समय कहा, तूने हमारे गुरु के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा कराया है, हम तुम्हारी नाक काटकर उनके चरणों में चढ़ाएंगे। महाराज का आरोप है कि यह पूरा हमला शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की शह पर कराया गया है क्योंकि उन्होंने अदालत में उनके खिलाफ साक्ष्य दिए थे। उन्होंने कहा कि जितना खून बहा है, उसका एक-एक बूंद का बदला कानून के जरिए लिया जाएगा। इस हमले पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सभी आरोपों को फर्जी करार दिया है।

**खामेनेई का उत्तराधिकारी तय!....**

साथ सहमति बना ली है। असेंबली के सदस्य मीरबहागेरी ने बताया कि प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, इसलिए अभी अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में एक नेतृत्व परिषद् ईरान का कामकाज संभाल रही है। वहीं इजरायली डिफेंस फोर्स ने इस प्रक्रिया में शामिल लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि नया लीडर चुनने के लिए मीटिंग में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को एक सही टारगेट माना जाएगा।

**4 साल से 5 एकड़ में अफीम की खेती....**

राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से मजदूर बुलाए गए थे। विकास बिश्नोई और उसका भाई श्रवण बिश्नोई पहले यहां कपास की खेती करने आए थे। बाद में अफीम की खेती शुरू की गई। पूछताछ में विकास ने बताया कि वह पिछले चार साल से विनायक ताम्रकार के संरक्षण में यह काम कर रहा था। भाजपा नेता विनायक ताम्रकार ने फार्महाउस में मजदूरों के रहने के लिए मकान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। सुरक्षा के लिए बाउंसर भी तैनात किए गए थे। फार्महाउस के चारों ओर गेट लगाए गए थे, जिससे आम लोगों का अंदर जाना लगभग असंभव था। यही कारण रहा कि गांव के लोगों को लंबे समय तक इस खेती की जानकारी नहीं मिल सकी। शनिवार को पुलिस और प्रशासन की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। कुछ लोगों ने फार्महाउस के अंदर जाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, डिजिटल सर्वे में फार्महाउस में गेहूं और मक्का की खेती दर्ज दिखाई गई थी। उसी की आड़ में अफीम उगाई जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक करीब 10 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र से लगभग 21 किलो अफीम तैयार हो सकती है। ब्लैक मार्केट में एक किलो अफीम की कीमत करीब 1 से 2 लाख रुपए तक होती है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए प्रति किलो बताई जाती है। इस मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अफीम की खेती का मुद्दा विधानसभा में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों के नेटवर्क में शामिल सभी लोगों की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 9 मार्च 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 57 | 69 | 76 | 80 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 89 | 96 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 97 | 09 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 86 | 98 | 08 | 17 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 07 | 18 | 29 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 19 | 28 | 36 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 04 | 12 | 25 | 31 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 13 | 24 | 32 | 45 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 23 | 34 | 43 | 52 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 35 | 42 | 53 | 64 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 63 | 73 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 59 | 68 | 74 | 03 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 20 | 36 | 45 | 71 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 77 | 00 | 36 | 25 | 88 | 27 |
| 94 | 31 | 55 | 49 | 18 | 15 |
| 97 | 49 | 71 | 17 | 12 | 33 |
| 13 | 94 | XX | 90 | 56 | 63 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 82 | 93 | 22 | 34 | 30 |
| 46 | 29 | 38 | 92 | 65 |
| 76 | 39 | 48 | 53 | 09 |
| 47 | 03 | XX | 48 | 65 |

**जनवरी 2025 से मार्च 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-37-50-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-400-888 5-122 -177-799-889-555
6-330-466-222 7- 999 8-567-440-666
9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-56-66- 78-88-95 -99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660-444,3-166 -111,
4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222,
7-700-999, 8-189-288-666, 9-289-117-577
- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**10 स्त्री रोग विशेषज्ञ देंगे अपनी सेवाएं, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है। अभियान अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित महिलाओं हेतु सोनोग्राफी जांच कराये जाने की सलाह दी गई, जिससे गर्भवती महिलाओं की निदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सके।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कुल 10 स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाएं 9 मार्च को प्रदाय की जाएगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा राजनांदगांव के सहयोग से स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में डॉ. सुजाता वासनिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में डॉ. विजयश्री जैन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में डॉ. सुरभि मोहबे, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ में डॉ. लक्ष्मी बग्गा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरडीहकला में डॉ. अमृता भदौरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी में डॉ. अभिलाषा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी में डॉ. हिना चिचेरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसराकला डॉ. अभिलाषा द्वारा सेवाएं दी जाएगी। इसी तरह 24 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में डॉ. रंजिता पारख तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टप्पा में डॉ. सिद्धी सैनिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाल बहादुर नगर में डॉ. अनुपमा अस्थाना द्वारा सेवाएं प्रदाय की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवा दे रहे स्त्री रोग विशेषज्ञों से गर्भवती महिलाओं की जांच कराने की अपील की गई है। अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण दल गठित कर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का दौरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल आयोजन से जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सहायक शिक्षक विकास लाटा को शासकीय सेवा से किया गया पृथक

राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा के सहायक शिक्षक विकास लाटा को फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर शासकीय सेवा से पृथक कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार सहायक शिक्षक विकास लाटा के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई थी। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध लगाया गया आरोप सिद्ध पाया गया है। विभागीय जांच में संबंधित कर्मचारी द्वारा फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग में चिकित्सीय परीक्षण हेतु निर्देशित किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए।

# महापौर ने पुष्पवाटिका का किया निरीक्षण



**आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने तथा योगा हॉल मरम्मत कराने के दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति लाने एंव उद्यान संवर्धन की कडी में महापौर मधुसूदन यादव आज पुष्पवाटिका का निरीक्षण कर योगा हॉल का मरम्मत करने तथा आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उद्यानों के संवर्धन के लिए शहर के सभी उद्यानों का संरक्षण एवं मरम्मत किया जाना है, इसी कडी में आज चौपाटी, पुष्पवाटिका का महापौर श्री यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियो से कहा कि उद्यान की नियमित सफाई करें, आवश्यकता अनुसार डस्टबिन लगावे तथा खेल उपकरण व्यवस्थित कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करें एवं आवश्यक मरम्मत करावे। गर्मी को देखते हुए, पर्याप्त मात्रा में घास एवं पेड पौधो में पानी डाले। उन्होंने कहा कि चूँकि पुष्पवाटिका एवं चौपाटी क्षेत्र बड़ा होने के साथ-साथ पुरानी हो गयी है। इस कारण इसका मरम्मत एवं संवर्धन आवश्यक है। जिसे ध्यान मे रखकर एवं नागरिको की सुविधा के लिए समय समय पर इसका संधारण करना आवश्यक है। योगा हाल का निरीक्षण कर महापौर श्री यादव कहा कि, योगा हॉल में भी मरम्मत की आवश्यकता है। इसके लिए स्टीमेंट तैयार कर आवश्यक मरम्मत करे, रंग रोगन कर, विद्युतीकरण दुरूस्त करें। उन्होंने कहा कि, हॉल दुरूस्त होने से बहुत से आयोजन यहा किया जा सकता है। इसी प्रकार पुष्पवाटिका में निर्माणाधीन आकांक्षीय शौचालय देख महापौर श्री यादव ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने बताया कि 10 सीटर महिला एवं पुरूष शौचालय निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, विद्युतिकरण तथा नल लगाने का कार्य किया जा रहा है।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के जन्मदिन पर दरगाह में पढ़ी गई दुआ, वृद्धाश्रम में किया गया फल वितरण





**जिला भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर मनाया पूर्व सांसद का जन्मदिन**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर जिला भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा पारीनाला दरगाह में विशेष दुआ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री सिंह की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य एवं देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. इरफान शेख, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जहीर अब्बास तथा पूर्व प्रदेश मंत्री मो. रफीक खान की उपस्थिति में पारीनाला दरगाह में दुआ मांगी गई। इसके साथ ही समता मंच द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में फल एवं सूखा मेवा वितरण कर बुजुर्गों का आशीर्वाद भी लिया गया।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ, दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बडगुजर, उत्तर मंडल अध्यक्ष अफसर खान, इस्माइल खान, मोनी मैथ्यू, विनय लाल, बशीर खान, रॉबिन फ्रांसिस, तबरेज खान, बाबू गोरी, राहुल भोईर, रेहान खान, शोएब खान सहित जिलेभर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए देश में शांति, सद्भाव और भाईचारे की प्रार्थना की गई।

# बेटा - बेटी एक समान को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य - गिरवर साहू अध्यक्ष



**पढ़बो - पढ़ाबो हमर अभियान**

डोंगरगढ़(दावा)। तहसील स्तरीय पढ़बो-पढ़ाबो समाज ल आगु बढ़ावो परिवार सम्मेलन अभियान कोलिहापुरी मण्डल के नवागांव उरईडबरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ कर्मा के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष अस्वनी साहू ने कहा की साहू समाज मे ऐसा कार्यक्रम पहली बार देखने को मिल रहा है, जिसका अच्छा सन्देश समाज जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू समाज के तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि, समाज के अंतिम व्यक्ति तक समाज के नियमावली को पहुचाना हमारा कर्तव्य है। आज समाज मे असमानता के वजह से हमारे समाज में बहुत विषमता दिख रहा है उसे दूर करना ही पढ़बो-पढ़ाबों हमर अभियान बेटा-बेटी एक समान ही हमारा मूल मंत्र ही सार्थक है। इस अभियान को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में तहसील साहू संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश साहू, सचिव रामाधीन साहू, मंडल अध्यक्ष अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष पवन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष समारू साहू, होलेराम साहू, सरपंच मदन देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण साहू समाज के परिवार जन उपस्थित थे।

# डबल इंजन की सरकार और महंगाई की दोहरी मार - जितेंद्र मुदलियार



**रसोई गैस की कीमते बढ़ने पर उपभोक्ताओं के दर्द को महसूस किया**

राजनांदगांव(दावा)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने रसोई गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, एक तरफ सरकार विकास और राहत के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ाकर आम जनता की जेब पर लगातार बोझ डाला जा रहा है।

श्री मुदलियार ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में जनता को आकर्षित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है और अब जनता भी इसे समझने लगी है। उन्होंने बताया कि, हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और व्यावसायिक सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब पहले से ही महंगाई की मार से आम परिवार परेशान हैं। श्री मुदलियार ने कहा कि, रसोई से जुड़ी लगभग हर चीज महंगी हो चुकी है। खाद्य तेल, आटा, दाल, मसाले और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें पहले ही आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। अब गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से घर का बजट पूरी तरह बिगड़ जाएगा और रसोई का खर्च और बढ़ जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि, अंतर्राष्ट्रीय हालात को बहाना बनाकर केंद्र सरकार देश की जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। उनके मुताबिक ईरान, अमेरिका, इजरायल और खाड़ी देशों के बीच बन रही युद्ध जैसी स्थिति का हवाला देकर सरकार कीमतों में वृद्धि कर रही है, जबकि असल में इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। श्री मुदलियार ने कहा कि, अभी केवल गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं, लेकिन आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका है जिससे महंगाई और बढ़ेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और आम जनता को राहत दी जाए।

# भगवान श्री राधाकृष्ण ने भक्तों के साथ जमकर खेली होली, इत्र-फुलेल और रंगों की हुई बौछार





**शोभायात्रा यात्रा में भक्तों का उमड़ा सैलाब, मधु व नीलू के भरत- मिलाप का दृश्य रहा आकर्षण का केन्द्र**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में वृंदावन की तर्ज पर होली पर्व के अवसर टेसू के फूल और इत्र की बौछार के साथ निकली भगवान श्री राधाकृष्ण रंगोत्सव शोभायात्रा की धूम रही। भव्यता और अनुशासन के साथ संपन्न हुए इस रंगोत्सव शोभायात्रा में भगवान श्री राधेकृष्ण के हाथों पलास के रंगों से भीगने भक्तों का सैलाब रहा। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा बुधवार की सुबह 9:30 बजे निकाली गई। उक्त शोभायात्रा में बाजे-गाजे और भजन-कीर्तन की धुन में भक्तों ने भगवान श्री राधे कृष्ण के साथ जमकर होली खेली गई और उनके हाथों के पिचकारी से निकली रंगो के फुहार में भीग कर अवर्णनीय आनंद महसूस की।

इस अवसर पर राज्य शासन के पर्यटन मंडल अध्यक्ष युवा भाजपा नेता नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, अशोक चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, भाजपा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि, नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, रवि सिन्हा, राजेश जैन रानू, शरद सिन्हा सहित अनेक पार्षद गण ,चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष शरद अग्रवाल व साथी लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, राजकुमार शर्मा, संजय तेजवानी, पंकज गुप्ता, सनातन धरम सभा के संतोष पटाक आयोजन समिति के अशोक लोहिया, राजेश अग्रवाल, दामू भूतड़ा आदि के अलावा शहर के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने भजनों की धुन पर खूब नाचे झूमे और एक दूसरे में रंग-गुलाल लगाकर और गले लगकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बता दें कि, इस वर्ष 2 फरवरी को होलिका दहन के बाद चंद्रग्रहण का साया होने के कारण रंगों का पर्व होली घूलेंडी 4 फरवरी को मनाया गया। रंगोंत्सव पर्व के अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात भगवान श्री राधे कृष्ण को आकर्षक रथ पर विराजमान कराए गए, इसके बाद बाजे गाजे व भजन कीर्तन की सम्मोहक धुन के साथ भगवान श्री राधाकृष्ण की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए चल निकली। शोभायात्रा में शहर के जन प्रतिनिधियों के अलावा, समाज सेवी, व्यवसायीगण, पत्रकार व भक्त जन बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे। कामठी लाईन मंदिर से निकली उक्त रंगोत्सव शोभायात्रा भारत माता चौक से होते हुए आजाद चौक पहुंचने पर महापौर मधुसूदन यादव और पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने एक दूसरे पर रंग-गुलाल लगाकर कर स्वागत किया और होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी दोनों ने रंग गुलाल से सराबोर होकर जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान नीलू और मधु द्वारा एक दूसरे का गले लगकर सृजित किए गए भरत मिलाप के दृश्य को देखकर लोग अभिभूत हुए बिना नहीं रहे। इस दौरान आयोजन समिति के अशोक लोहिया ने अशोक चौधरी को गले लगा कर रंगोत्सव पर्व की बधाई दी वहीं खूबचंद पारख पर भी रंग गुलाल लगाए गए। इस दौरान होली पर्व पर महापौर मधुसूदन यादव सहित नीलु शर्मा, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत आदि के साथ गले लगकर बधाई देने वालों का तांता रहा। बता दें कि, शहर में वृंदावन के तर्ज पर चार दशक चली आ रही भगवान राधाकृष्ण रंगोत्सव शोभायात्रा की परंपरा का एक अच्छा क्रेज बना हुआ है। इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने वाले श्रद्धालु भक्त जनों के लिए मंदिर समिति द्वारा 3 हजार लीटर पलास के फूलों का प्राकृतिक रंग की व्यवस्था की गई थी। वहीं, भक्तों पर पुष्प वर्षा के लिए कई क्विंटल फूल व रंग-गुलाल का भी इंतजाम किया गया था। गणेश विसर्जन की तर्ज पर शहर में निकाली गई भगवान श्री राधे कृष्ण की चलित झांकी जहां आकर्षण का केंद्र रहा वहीं उनके हाथो से रंगों की पिचकारी की बौछार से भक्त जनों में आनंद की वर्षा होती रही।

# सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने हेतु तैयारी जोरों से



राजनांदगांव (दावा)। सनातन महासभा सेवा परिवार सर्व हिन्दू समाज के द्वारा हिन्दू नववर्ष के पूर्व संध्या 18 मार्च को बाला जी मंदिर गंज लाईन दोपहर 03:30 बजे सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने हेतु सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों से मिलने हेतु व सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकलने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने प्रभारी संयोजक मंडल का प्रभार सौंपा है।

जिसमें मुख्य रूप से राकेश ठाकुर, मुकेश चौबे, सौरभ खण्डेलवाल, शिव वर्मा, संजय अग्रवाल, मनोज शुक्ला, विलास राव, महेश शर्मा, पंकज गुप्ता, दिनेश वैष्णव, यह सभी सनातन एकता के प्रभारी, सनातन एकता यात्रा, आमंत्रण देने हेतु सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से सादर आमंत्रण देते हुए सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील कर रहें है।

इस शुभ अवसर पर सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि, इस सनातन एकता यात्रा का यह 5वाँ वर्ष है, इस एकता यात्रा में निकालने का एक ही उद्देश्य है, हमें सभी सनातनी बंधुओं को किसी भी जातिवाद में नहीड्ड बँटना है, हम सब एक है और सभी सनातनी बन्धुओं को एक ही छत के नीचे सभी को एकत्रित करना व एक सूत्र में बांधना है।

# पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित




खैरागढ़ (दावा)। गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 के अंतर्गत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, जिला जनसंपर्क अधिकारी राजेश नेताम, जिला अभियोजन अधिकारी देवेन्द्र ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रशांत झा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वरी अग्रवाल, कानूनी सलाहकार सुबोध पाण्डे, नोडल अधिकारी (पीसीपीएनडीटी) डॉ. मनीष बघेल तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉ. बोधन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।। बैठक में जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओं की अद्यतन जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों के नवीनीकरण एवं संशोधन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में बताया गया कि इससे जिले में निजी संस्थाओं द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी, जिससे विशेषकर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा तथा उन्हें सोनोग्राफी के लिए अन्य जिलों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बैठक के दौरान पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तरीय निरीक्षण एवं निगरानी दल को सभी पंजीकृत केन्द्रों का प्रत्येक तीन माह में नियमित एवं औचक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

# दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता में शामिल हुई श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। होली के पावन पर्व पर ग्राम तेलगान में श्री राधा कृष्ण फाग परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य फाग प्रतियोगिता में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके आगमन पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत कर सम्मान प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत फाग गीतों की मधुर स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासमय बना दिया। रंग, गुलाल और पारंपरिक लोकधुनों के बीच सामाजिक समरसता और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। अपने उद्बोधन में श्रीमती वैष्णव ने कहा कि, फाग हमारी लोकसंस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं।

उन्होंने सभी कलाकारों, आयोजकों एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।

# जनसेवा की मिसाल बने जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा



**प्रभु राम मंडावी के अंतिम संस्कार के लिए दिए 5000 रुपए**

छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया के वार्ड नं 13 मठपारा निवासी प्रभु राम मंडावी जो एक आदिवासी युवक का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया,वे अकेले अपने ही वार्ड के एक बंद दुकान के सामने लगे शेड के नीचे रात बिताया करते थे,अपना जीवन यापन शराब भट्ठी के पास खाली शीशी इकठ्ठा कर बेचते थे, प्राप्त राशि से जीवको पार्जन कर रहे थे। अचानक उनकी मृत्यु हो जाने से वार्ड वासी सहम गए, सुबह नही उठने पर मोहल्ला वासियों ने देखा तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी, एकल व्यक्ति होने के कारण अंतिम संस्कार क्रियाकर्म करने के लिए मोहल्ला वासियों ने छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को जानकारी दी।

उन्होंने तत्काल पहुंच कर अपने तरफ से मृतक के भाभी को अंतिम क्रियाक्रम के लिए 5000 रुपए नगद दिया, साथ ही श्रद्धांजली अर्पित भी किया।

श्री सिन्हा हमेशा चाहे अस्पताल में दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों के सहायता हो या किसी जरूरत मंद व्यक्तियों को आर्थिक मदद भी करते है, छुरिया हॉस्पिटल से अन्य जगह रिफर के लिए एंबुलेंस नही होने की स्थिति में वे मरीजों के परिजनों का भी आर्थिक सहयोग करते है, दुर्घटना में मृत्यु हो या अन्य वजह से उनकी पोस्टमार्टम में लगने वाली सामग्रियां भी उपलब्ध कराते है भी है तथा परिजन के साथ रहते है।

छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र वासियों के एक फोन चाहे रात हो या दिन हो वे तत्काल हॉस्पिटल पहुंच जाते है, नहीं रहने पर अपने साथियों को मदद के लिए भेज देते है, उनकी मानव सेवा, मिशाल बन गई है, ये मृतक वही प्रभु राम है, जिनकी पूर्व में मृत्यु हो जाने की राजनीति घटना क्रम ने सियासी बवाल मचा दिया था।

# पुष्पवाटिका योगा हॉल में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने 1 हजार महिलाओ का किया सम्मान





○ रेल्वे थाना प्रभारी पण्डवानी गायिका तरूणा साहू, जेसीबी चालक दम्यंती सोनी, केंसर वारियर सिद्धी मिरानी, स्वच्छता दीदी से बीएसएफ में चयनित सरस्वती साहू एवं मुक्तिधाम मे सेवा देने वाली संतोषी ठाकुर का हुआ सम्मान

○ जहां नारी का सम्मान होता है, वही देवी-देवता का वास होता है - अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को नगर निगम द्वारा पुष्पवाटिका योगा हॉल में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के मुख्य आतिथ्य में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओ सहित स्वच्छता दीदी, सफाई दीदी, वोमेन फार ट्री की महिला, मितानीन, ई-रिक्शा महिला चालक, आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओ का अभिषेक सिंह सहित महापौर मधुसूदन यादव, छग श्रम कल्याण मंण्डल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने स्मृति चिन्ह व साडी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिसव की बधाई देते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि आज के ही दिन नहीं वरन हर दिन मॉ, बहन, बेटी एवं बहु के रूप में महिला का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि जहां नारी का सम्मान होता है। वहां देवी-देवता निवास करते है। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए महापौर एवं निगम परिवार का मै धन्यवाद देता हूँ। समाज के हर बच्चे को पढ़ने का अवसर मिले, हर महिला कैसे सुरक्षित हो इसकी चिंता करनी है। उन्होंने राजनांदगांव शहर एवं जिला में विकास कार्य की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को साथ मे लेकर संस्कारधानी के अनुरूप काम कर आगे बड़े और हमारा शहर स्वच्छता में देश में पहले नम्बर पर आये, इस लक्ष्य को लेकर कार्य करे और हर व्यक्ति अपने शहर, वार्ड व मोहल्ले की महिलाओ को स्वच्छ, सुरक्षित, अनुकूल वातावरण दे सके यही भावना रखे।

कार्यक्रम में महिलाओ के लिए सत्रवार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छता और जल संरक्षण के बारे में सारगर्भित जानकारी देते हुए जल है तो कल है और स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे को चरितार्थ करने कहा। उन्होंने स्वच्छता दीदी का काम कर बीएसएफ में चयनित कु. सरस्वती साहू के परिजनों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित की। साथ ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कानून एवं हमारे अधिकार के संबंध में महिलाओं को जानकारी देकर कहा कि सड़कों में कचरा नहीं फेकेंगे, सुरक्षित सड़क प्रदान करेंगे तथा स्वच्छता दीदी सफाई के साथ साथ कानूनी स्वच्छता भी बतायेंगे एवं ई-रिक्शा चालक दीदी कानूनी वाहिका बन लोगों को अधिकार बतायेंगे। उन्होनें रेल्वे थाना प्रभारी श्रीमती तरूणा साहू को पण्डवानी गायकी के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार राजनांदगांव मेडिकल कालेज की विभाग अध्यक्ष डॉ. ज्योति यादव ने स्वस्थ महिला समृद्ध परिवार सशक्त भारत विषय पर जानकारी देकर महिलाओं को पोषण आहार लेने तथा फिट रहने की टीप्स दी। उन्होंने केंसर बीमारी से जीतकर केंसर के प्रति लोगो को जागरूकता देने वाली महिला श्रीमती सिद्धी मिरानी का सम्मान किया। इसके अलावा विधि डायग्नोस्टिक की पैथोलाजिस्ट डॉ. विधि मोदी ने शिक्षित महिला आत्म निर्भर महिला विषय पर सारगर्भित उद्बोधन देकर जेसीबी चालक श्रीमती दम्यंती सोनी को स्मृति चिन्ह से सम्मानित की। साथ ही लखोली मुक्तिधाम में विगत 25 वर्षो से निस्वार्थ सेवा देने वाली श्रीमती संतोषी ठाकुर को भी स्मृति चिन्ह व साडी से सम्मानित किया गया। महापौर श्री यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा महिलाओं का सम्मान समारोह एवं स्वच्छता सर्वेक्षण संगोष्ठी आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 1 हजार महिलाए जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। वहीं कुछ महिलाओं को विशिष्ट कार्य किये है, उन्हे सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना जनसहयोग के हम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर नही बना सकते, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने सबकी सहभागिता आवश्यक है। आज के कार्यक्रम में चेम्बर आफ कार्मस के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जा रहा है। जिन्होने स्वच्छता में सहयोग करने व्यापारियों को डस्टबिन बांटने का बिडा उठाया है। इसी प्रकार नगर निगम की महिला पार्षद एवं महिला इंजिनियरों का भी सम्मान किया जा रहा है।

सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ महतारी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के साथ किया गया। अतिथियो का स्वागत महापौर एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित पार्षदों व अधिकारियो ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट दी गई। सम्मान प्राप्त रेल्वे थाना प्रभारी श्रीमती तरूणा साहू ने द्रोपती चिरहरण प्रसंग पर पण्डवानी की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव ने तथा आभार प्रदर्शन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा ने किया एवं संचालन सीए श्रीमती रूपम सोनछत्रा तथा लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा ने किया।

# गैस सिलेंडर महंगा कर जनता की रसोई पर हमला, कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला दहन



राजनांदगांव (दावा)। घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा व्यावसायिक उपयोग वाले सिलेंडरों की कीमत में 115 रुपये की बढ़ोतरी के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को जयस्तंभ चौक पर उग्र प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और एलपीजी की बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेता दोपहर लगभग 12.30 बजे मानव मंदिर चौक पर एकत्र हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिला कांग्रेस की सदस्य उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए, वहीं महिलाओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में हाय-हाय के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस जवानों की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी निर्णय का पुरजोर विरोध करती है और सरकार से तत्काल बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग करती है। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी गहरे संकट में डाल दिया है। किसानों और मजदूरों के लिए रसोई गैस का उपयोग पहले ही महंगा था, अब कीमत बढ़ाकर सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस इस मुद्दे पर जन आंदोलन तेज करेगी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस जनता के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी और जब तक बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए जाते, विरोध जारी रहेगा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से आम नागरिकों और गरीब परिवारों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है और जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। प्रदर्शन में पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, रूपेश दुबे, डॉ. अफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, मामराज अग्रवाल, राकेश जोशी, अशोक फड़नवीस, अशोक पंजवानी, जिला प्रवक्ता अनीस खान, उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, ब्लाक अध्यक्ष टिकेश साहू, राममूरत वर्मा, प्रताप धावड़े, हरीश भंडारी, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, चुम्मन साहू, हरिनारायण धकेता, रितेश जैन, अशोक फड़नवीस, प्रेम रूपचंदानी, विनय झा, प्रवीण मेश्राम, मनीष गौतम, बबलू कसार, रवि साहू, झम्मन देवांगन, अमित अग्रवाल, पार्षद अमित कुशवाहा, गोपीचंद गायकवाड़, ललित मरकाम, अमित खंडेलवाल ,सूरज शर्मा, राजा यादव, कुलदीप कुरंजरेकर, निलेश ठावरे, अमित जंघेल, राकेश चंद्राकर, आशीष साहू, गोलू नायक, मतीन खान, हिमालय बंधे, राहुल बंधे, देवेश वैष्णव, अंकेश बाफना, जितेंद्र भाटिया, शिशुपाल भारती, पंचराम चंदेल, शरद खंडेलवाल, खैरुंनिशा खान, फरहा खान, रीना पटेल, ललिता साहू, पायल प्यारे, रामजी तराने, लोकनाथ भारती, वीरेंद्र चंद्राकर, विप्लव शर्मा, संदीप सोनी, विशु अजमानी, राहुल चौबे, महेंद्र बहादुर, चेतन सिन्हा, ऋषभ जैन, नरेश साहू, मुस्तफा जाया, शेख आसिफ, भावेश सिन्हा , अभिमन्यु मिश्रा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सत्यम विहार में रंगोत्सव की धूम : रेन डांस और फोम की फुहारों के बीच होली का मॉडर्न तड़का



सत्यम परिवार ने आयोजित किया दो दिवसीय भव्य उत्सव, डीजे की धुन पर जमकर थिरके कॉलोनीवासी

राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रमुख कॉलोनी सत्यम विहार में इस वर्ष होली का पर्व बेहद आधुनिक और उत्साहपूर्ण अंदाज में मनाया गया। सत्यम परिवार की ओर से आयोजित दो दिवसीय भव्य रंगोत्सव (3 और 4 मार्च) ने स्थानीय निवासियों को मस्ती के रंगों से सराबोर कर दिया। आयोजन की भव्यता ऐसी थी कि हर उम्र के लोग त्योहार के उल्लास में डूबे नजर आए। उत्सव को खास बनाने के लिए आयोजकों ने मनोरंजन के शानदार इंतजाम किए थे। युवाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से रेन डांस, स्विमिंग टब और फोम डांस की व्यवस्था की गई थी। कृत्रिम बारिश और सफेद फोम के बीच लोग होली के सुपरहिट गानों पर झूमते नजर आए। परिसर में लगाए गए दमदार डीजे सिस्टम ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। सत्यम परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉलोनीवासियों के बीच आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को बढ़ावा देना है। उत्सव के दौरान मेहमानों के लिए स्वादिष्ट भोजन और पारंपरिक व्यंजनों की खास व्यवस्था की गई थी। ठंढाई और गुझिया के साथ लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। आयोजन समिति ने सभी स्थानीय निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कॉलोनीवासियों ने भी इस अनूठे और सुरक्षित आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

# कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आधी रात जिला अस्पताल में दी दबिश, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के निर्देश



अस्पताल परिसर में स्वच्छता और गुणवत्ता पर जोर, रसोईघर और ऑपरेशन थिएटर को मानकों के अनुरूप शिफ्ट करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बसंतपुर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के रसोईघर को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। रसोईघर में बेहतर स्वच्छता रखने के लिए कहा। उन्होंने एएनसी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एएनसी गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करें। उन्होंने एएनसी वार्ड में मरीजों की जागरूकता के लिए आवश्यक सूचना, शिक्षा एवं संचार सामग्री प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। रसोईघर में प्रतिदिन मरीजों का रजिस्टर संधारित करने तथा भोजन वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मेजर ऑपरेशन थियेटर का स्थानांतरण निर्धारित मानकों के अनुसार स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित दवाइयों के साथ असंक्रामक रोग से संबंधित दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन थियेटर में सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों से भेंट की एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश दिए।

# भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत के भाई के घर बड़ी चोरी, सूने मकान से लाखों के जेवरात और मोबाइल पार

होली पर रिश्तेदार के यहां गया था परिवार, मौका पाकर चोरों ने चौखड़िया पारा में बोला धावा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर थाना अंतर्गत चौखड़िया पारा में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत के भाई के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया है। घटना उस वक्त हुई जब परिवार होली मनाने अपने पैतृक स्थान गया हुआ था। पीड़ित वतन सिंह राजपूत ने पुलिस को बताया कि वे होली के अवसर पर अपने चाचा टारजन सिंह राजपूत के घर गए हुए थे। जब वे 5 मार्च की सुबह करीब 10 बजे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था।

### डेढ़ लाख के माल पर हाथ साफ

चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषणों सहित कुल चार मोबाइल फोन (तीन सैमसंग और एक नोकिया) चोरी कर लिए हैं। चोरी गए कुल मशरूका की कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना की रिपोर्ट बसंतपुर थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 और 331(4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। चूंकि मामला हाई-प्रोफाइल नेता के परिवार से जुड़ा है, इसलिए पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

# छेड़छाड़ का आरोपी पवन गोंड 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे, बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई



राजीव नगर का आदतन बदमाश है आरोपी, हत्या और मारपीट के मामलों में भी रह चुका है शामिल

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति अपनी तत्परता दिखाते हुए छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। राजीव नगर निवासी आरोपी पवन गोंड (27 वर्ष), जो कि पूर्व में हत्या जैसे संगीन अपराधों में संलिप्त रहा है, उसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला रविवार रात का है, जब प्रार्थिया ने थाना बसंतपुर में अपनी शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार रात करीब 1:30 बजे आरोपी पवन गोंड ने उसके घर के पास पहुंचकर उसके पिता और भाई के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसी दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को बेइज्जत करने की नियत से उसकी चुनरी खींचकर छेड़छाड़ की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 (छेड़छाड़), 296 (अश्लील गाली), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध क्रमांक 121/2026 पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन और एएसपी कीर्तन राठौर व सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# संघर्ष और मेहनत की मिसाल : सोनम श्रीवास्तव बनीं मिसेज इंडिया, महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत



राजनांदगांव(दावा)। समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत सोनम श्रीवास्तव आज न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कई महिलाओं और बच्चियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। यूएचएफसी फाउंडेशन की संस्थापक सोनम ने अपने जीवन का लक्ष्य समाज में शिक्षा का प्रसार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बनाया है। सोनम श्रीवास्तव पाठशाला की डायरेक्टर हैं और पहले ड्रीम इंडिया स्कूल की प्रिंसिपल रह चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने मिसेज एशिया, मिसेज इंडिया और मिसेज छत्तीसगढ़ जैसे राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिताओं में खिताब अपने नाम किए। सोनम ने बताया कि, उनकी समाज सेवा की यात्रा कक्षा 8वीं में ही शुरू हो गई थी, जब उन्होंने अपने पड़ोस की बच्चियों को पढ़ाना शुरू किया। आज तक उन्होंने 5000 से अधिक बच्चियों को शिक्षा प्रदान की है। वे गरीब बच्चों के लिए फ्री इंग्लिश क्लास संचालित करती हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए मार्गदर्शन देती हैं। इसके अलावा, महिलाओं और युवतियों के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की कक्षाएं भी लेती हैं। सोनम ने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया। एक समय उनके शरीर में 38 प्रतिशत तक पानी की समस्या हो गई थी। लेकिन मात्र दो महीने में उन्होंने हिम्मत और आत्मविश्वास के बल पर मिसेज ब्यूटी आइकॉन ऑफ इंडिया का खिताब जीता और ब्रेन एंड ब्यूटी अवॉर्ड से सम्मानित हुईं। इसके बाद दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। सोनम ने कहा, महिलाएं अपनी कमियों से कभी न डरें। लगातार खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें। सेल्फ ग्रमिंग, एक्सरसाइज और शिक्षा पर ध्यान दें। जो चीज नहीं आती, उसे सीखें। मेहनत और प्रतिभा ही आपकी पहचान बनती है। सोनम श्रीवास्तव न केवल मिसेज इंडिया का खिताब जीतकर गौरव हासिल कर रही हैं, बल्कि समाज सेवा और महिलाओं के सशक्तिकरण में भी मिसाल कायम कर रही हैं।

# महंगाई का झटका : घरेलू सिलेंडर 60 और कमर्शियल 115 महंगा

राजनांदगांव (दावा)। महंगाई से जूझ रही जनता को अमेरिका व ईरान के बीच चल रही भयंकर लड़ाई के चलते एक और मार पड़ी है। तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू और कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी करने का फैसला करने से अविभाजित जिले राजनांदगांव के पांच लाख परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ने जा रहा है। बता दें कि घरेलू गैस व कमर्शियल सिलेंडरो की बढ़ी हुई कीमतें शनिवार यानी 7 मार्च 2026 से पूरे देश में प्रभावी हो गई हैं। इधर युद्ध के चलते गैस की सप्लाई में शार्टेज उत्पन्न न हो जाए इसलिए लोग आपाधापी में पहले से ही अपने सिलेंडर बुक करवा रहे हैं।

### रसोई घर का बिगड़ा बजट

बता दें कि काफी समय के बाद घरेलू रसोई गैस (14.2 किग्रा) की कीमतों में एकमुश्त 60 रूपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद राजनांदगांव में सिलेंडर की कीमत( घरेलू 14.200 ग्राम) 937 से बढ़कर 997 रूपए हो गई है। इससे रसोई घर का बजट बढ़ गया है। गृहिणी इससे परेशान नजर आने लगी है। वहीं कामर्शियल गैस (19 ग्रा्द) 1985 रु से बढ़कर 2100 रु हो गई है। गौरतलब है कि पिछले लगभग एक साल से घरेलू गैस की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया था, लेकिन



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में अस्थिरता के चलते यह कदम उठाया गया है। पिछले सप्ताह भर से अमेरिका और ईरान की बीच जारी युद्ध के कारण व्यावसायिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। इसकी कीमतों में 115.50 की वृद्धि की गई है। इस बढ़ोतरी से होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों की लागत बढ़ जाएगी, जिसका सीधा असर बाहर खाना खाने वाले आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है । आलम यह है कि गैस उपभोक्ता उक्त लड़ाई के चलते दाम कहीं और न बढ़ जाए इसलिए जल्दबाजी में बुकिंग करा रहे हैं। शनिवार को गैस के दाम बढ़ने के बावजूद कंपनियों के गोदाम के बाहर लोगों की भीड़ देखने को मिली।

### इरान युद्ध के चलते गैस सिलेंडर के बढ़े दाम

यह तो सर्वविदित है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के चलते गैस के दामों में बढ़ोतरी हुई है जबकि पिछले पांच साल से युक्रेन व रुस के बीच जारी भयानक युद्ध के कारण भारत में पेट्रोलियम चीजों की जरा सी भी बढ़ोतरी नहीं हुई। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध के चलते पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ने का अनुमान लगाया गया था लेकिन सरकार के पास महिने भर का भंडार होने की वजह से इनके दामों पर कोई इजाफा नहीं हो पाया।बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कमी आने के कारण भारत की तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। हालांकि, केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली 300 की सब्सिडी जारी रहेगी। जिससे पात्र परिवारों को इस महंगाई से कुछ राहत मिल सकेगी। शहर के स्थानीय नागरिकों का कहना है गैस के दामों में यह बढ़ोतरी घरेलू बजट को पूरी तरह से बिगाड़ देगी वहीं गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि लोग युद्ध को देखते हुए परेशान हैं कि कहीं गैस की सप्लाई का शार्टेज ना हो जाए इसलिए पहले से रिफिल बुकिंग की जल्दबाजी कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com